

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

इस साल को जीवन ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 02 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 253 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## तीन दिवसीय दौरे पर भारत आएंगी बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी से करेंगी मुलाकात

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 3 दिनों की भारत यात्रा पर आएंगी। उनका यह दौरा 5 सितंबर से लेकर 8 सितंबर के बीच होगा। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगी और द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा भी करेंगी। इस बात की जानकारी भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई है। साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि शेख हसीना अजमेर का भी दौरा कर सकती हैं। शेख हसीना की यह यात्रा आधिकारिक यात्रा होगी। जानकारी के मुताबिक शेख हसीना के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी भेंट वार्ता करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के भी अजमेर जाने की संभावना है। हाल के वर्षों में, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय जुड़ाव कायम रखा है। शेख हसीना की आगामी यात्रा से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। अरिंदम बागची ने दावा किया कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत हुए हैं। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय संपर्क भी बढ़ा है। इसके साथ ही दोनों देश ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध को भी साझा कर रहे हैं और आपसी सम्मान की भावना से आगे बढ़ रहे हैं। इससे पहले शेख हसीना 2019 में भारत की यात्रा पर आई हुई थी। 2019 के बाद से शेख हसीना की यह पहली भारत यात्रा होगी। बताया जा रहा है कि दोनों देश के प्रधानमंत्रियों के बीच लंबित और नियमित द्विपक्षीय मुद्दों पर



चर्चा होगी। साथ ही साथ दक्षिण एशिया में रक्षा सहयोग और स्थिरता के मुद्दे पर भी जोर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि भारत की ओर से बांग्लादेश को आर्थिक मदद की भी पेशकश की जा सकती है। बांग्लादेश फिलहाल आर्थिक संकट से उबरने की कोशिश कर रहा है। वर्तमान में देखें तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था वैश्विक आर्थिक संकट के कारण मंडरा रही है। बांग्लादेश ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज को लेकर दरवाजा भी खटखटाया है। बांग्लादेश की चाहत यह भी है कि भारत के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए बातचीत की पहल शुरू की जा सके। इसके अलावा दोनों देशों के बीच नदियों के जल को लेकर भी विवाद की स्थिति रहती है। इस पर संयुक्त नदी आयोग की 38 वी मंत्रालय स्तरीय बैठक भी हो चुकी है। कुल मिलाकर देखें तो शेख हसीना की इस यात्रा से बंगलादेश को बहुत उम्मीदें हैं। शेख हसीना भारत से दोस्ती के साथ–साथ कुछ मदद की भी उम्मीद कर रही होंगी।

## यदुकुल पुनर्जागरण मिशन के जरिये ओबीसी वर्ग को साधने में जुटे शिवपाल, यूपी में तैयार हो रहा है सियासत का नया मोर्चा

लखनऊ। यदुकुल पुनर्जागरण मिशन के अध्यक्ष डीपी यादव



ने कहा कि हम लोग यदुकुल समाज के लिए नए संगठन की घोषणा कर रहे हैं जिसका नाम श्यदुकुल पुनर्जागरण मिशनश होगा। यह संगठन सारे ओबीसी समाज के लोगों के हितों का प्रतिनिधित्व करेगा। यह सिर्फ यादव समाज के लिए नहीं बनाया गया है। यह राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसढ़, झारखंड, बिहार राज्यों के लिए बना है। यह संगठन यादव समाज के अन्य संगठनों के प्रतिद्वंद्विता में नहीं है। इसके 10 उद्देश्य हैं जिसमें से एक सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनवाना होगा। यदुकुल पुनर्जागरण मिशन का गठन कर शिवपाल यादव पुराने यादव नेताओं को एक मंच पर ला रहे हैं और इसमें उनका साथ पूर्व सांसद बाहुबली डीपी यादव दे रहे हैं। पार्टी मुख्यालय पर इस मिशन के पहले सम्मेलन की शुरुआत हो गई है, जिसमें आमंत्रित उत्तर प्रदेश के 250 यादव नेता शामिल हो रहे हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे और विधायक बन गए, लेकिन भतीजे अखिलेश यादव से उनकी अनबन अभी भी बरकरार है

## अपने इस्तीफे पर बोले कार्तिकेय सिंह, नीतीश सरकार में भूमिहार मंत्री देखकर खुश नहीं थी बीजेपी

पटना। बिहार की नीतीश कुमार सरकार में मंत्री के तौर 16



अगस्त को शपथ लेने वाले कार्तिक कुमार ने बुधवार की शाम अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंप दिया तथा उनका त्याग पत्र स्वीकार कर लिया गया है। कुमार को अपहरण के एक मामले में कथित संलिप्तता के बावजूद विधि ा मंत्री बनाए जाने पर विपक्ष ने आपत्ति जताई थी और उनके इस्तीफे की मांग की थी। अपने इस्तीफे पर पूर्व बिहार मंत्री कार्तिकेय सिंह ने कहा कि कोरोना के समय फिर से इस मामले में संज्ञान लिया गया। इसी बीच भाजपा के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे मेरा और पार्टी का नाम खराब हो रहा था। इसलिए पार्टी हित में हमने इस्तीफा सौंप दिया। कार्तिकेय सिंह ने कहा कि भाजपा के लोगों को हम पच नहीं रहे थे क्योंकि हम भूमिहार समाज से राजद के कोटा से नेता थे इसलिए आरोप लगा रहे हैं। 2015 में एक मामले में मेरा नाम आया था जिसमें जांच के बाद निर्दोष साबित किया था। गौरतलब है कि बिहार विधान परिषद में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सदस्य कार्तिक कुमार ने 16 अगस्त को नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित महागठबंधन सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2014 के अपहरण एक मामले में कार्तिक कुमार के नामजद होने के बावजूद उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर सवाल खड़ा करते हुए उन्हें मंत्री पद से हटाए जाने की मांग की थी।

## दिल्ली में भी दुमका जैसा कांड, सिरफिरे आशिक ने 16 साल की लड़की को मारी गोली

झारखंड के दुमका में अंकिता की हत्या के बाद अब दिल्ली के संगम विहार में भी इसी तरह की एक वारदात हुई है। यहां संगम विहार इलाके में एकतरफा प्यार में आकर सिरफिरे आशिक अमानत अली नाम के लड़के ने 11 वीं क्लास में पढ़ रही छात्रा को गोली मार दी है। छात्रा की जान बचा ली गई है। घटना 25 अगस्त को हुई है और पुलिस ने इस मामले में अरमान अली को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के दौरान आरोपी के साथ पवन और बॉबी भी थे जिन्हें पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी अरमान की उम्र 19 साल है और वो मेरठ के मावाना का रहने वाला है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। अमानत ने मोहल्ले में रहने वाली एक 11वीं कक्षा की छात्रा को गोली मारी। उस समय पीड़िता स्कूल से घर लौट रही थी। आरोपी ने छात्रा को पीछे से गोली मारी और फरार हो गया। छात्रा के कंधे से नीचे और पीठ पर गोली मारी गई थी। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का आरोप है कि अमानत उनकी बेटी क पिछले एक साल से परेशान कर रहा है और वो रोज स्कूल आते–जाते पीछा करता था। छात्रा संगम विहार में ई–ब्लॉक में रहती है और अपने भाई के साथ कैम्बरीज इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती है। 25 अगस्त को वो अपना मां और छोटे भाई के साथ स्कूल से घर लौट रही थी तभी अली ने अपने दोस्तों के साथ आया और पीछे से गोली मारकर चला गया।

## कार्तिक कुमार के इस्तीफे को लेकर सुशील मोदी ने कसा तंज, बोले– यह तो पहला विकेट था ऐसे कई विकेट गिरेंगे



पटना। बिहार में नीतीश कुमार के महागठबंधन में शामिल होकर सरकार का गठन करने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन पर हमलावर है। इसी कड़ी में बिहार के गन्ना उद्योग मंत्री कार्तिक कुमार को लेकर इशारों–इशारों में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने नीतीश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई विकेट गिरेंगे। दरअसल, मंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही कार्तिक कुमार विवादों में घिरे रहे, ऐसे में उन्होंने बुधवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। बिहार सरकार के गिरेंगे कई विकेटः समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भाजपा सांसद सुशील मोदी ने पटना में कहा कि कार्तिक कुमार को कल देर रात इस्तीफा देना पड़ा। ये वही कार्तिक हैं जिन पर हत्या की नीयत से अपहरण के मामले में गिरफ्तारी का वारंट था आत्मसमर्पण करने के बजाय उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। यह तो पहला विकेट था ऐसे कई विकेट गिरेंगे। क्या है पूरा मामला ?: नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन की सरकार में 16 अगस्त को कार्तिक कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली थी और उन्हें विधि मंत्री बनाया गया था लेकिन बाद में उनका विभाग बदलते हुए उन्हें गन्ना उद्योग की जिम्मेदारी दे दी थी। हालांकि कार्तिक कुमार ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है।

## अमेरिका और रूस जैसे सुपरपावर देशों में हो रही खींचतान, किसका करीबी दोस्त है हिन्दुस्तान

नई दिल्ली। भारत से दोस्ती को लेकर अब



बड़े–बड़े देशों में खींचतान मची हुई है। रूस और अमेरिका जैसे सुपरपावर मुल्कों में आज बहस इस बात को लेकर हो रही है कि किसकी दोस्ती भारत के साथ अच्छी है और कौन ज्यादा करीब है? हालांकि इसके पीछे की वजह सबसे बड़ा कारण चीन है। भारत की बढ़ती क्षमताओं को देखकर आज पूरी दुनिया ये समझ चुकी है कि चीन पर लगाम लगाने के लिए भारत की बड़ी अहमियत है। इतना ही नहीं आज भारत जिस तेजी से अपनी शक्तियों में इजाफा कर रहा है ऐसे में आने वाला समय भारत का होने वाला है। भारत और रूस आज से एक बड़ा सैन्य अभ्यास करने जा रहा है। इस अभ्यास को लेकर अमेरिका परेशान है। उसके हालिया बयान से कुछ ऐसा ही संकेत मिलता है। अमेरिका ने रूस में भारत के सैनिक अभ्यास पर चिंता जताई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी ने कहा कि यूक्रेन के साथ बर्बर जंग छेड़ने वाले रूस में किसी भी देश का सैनिक अभ्यास चिंताजनक है, लेकिन इसमें हिस्सा लेने वाले हर देश को खुद फैसला लेना है। क्या अमेरिका ऐक्शन लेगा तो उन्होंने कहा कि अभी मेरे पास इस बारे में बताने लायक कुछ नहीं है। पूर्वी लाख में दो साल से जारी गतिरोध के बीच चीन और भारत के सैनिक आज से रूस में एकसाथ युद्धाभ्यास करेंगे। रूस में श्वोस्तोक 2022श नाम से यह युद्धाभ्यास हो रहा है, जो 7 सितंबर तक चलेगा। इसमें हिस्सा लेने के लिए भारत से 80 सैनिकों का दल रूस पहुंच चुका है। इसमें सेना की गोरखा यूनिट से सैनिकों के साथ ही आर्मर्ड रेजिमेंट से भी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं।श्वोस्तोक 2022श में शंघाई सहयोग संगठन में शामिल देशों के अलावा कुछ अन्य देशों की सेनाएं भी शामिल हो रही हैं।

## सो रहे सिक्योरिटी गार्ड्स के सिर पर करता है हथोड़े से हमला, 72 घंटे में कर दी तीन हत्याएं, सीरियल किलर का फैला दहशत

भोपाल। मध्य प्रदेश के सागर में एक सीरियल किलर ने दहशत फैला रखी है। सीरियल किलर के निशाने पर होते है केवल सिक्योरिटी गार्ड। वह उनके सिर पर पत्थर, लाठी, हथौड़े से हमला करता है। पिछले 72 घंटे में आरोपी ने तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। तीनों हत्याएं एक ही पेटर्न में हुई है और आशंका लगाई जा रही है कि इन हमलों में केवल एक ही आदमी का हाथ है। पुलिस के हाथों अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। आरोपी की तलाश जारी हैं। आरोपी यह हमले तब करता है जब सिक्योरिटी गार्ड सो रहे होते हैं। तीन हत्याएं एक ही व्यक्ति ने की इसका पता तब लगा जब दूसरे मृतक का मोबाइल फोन तीसरे के शव के पास पड़ा मिला। तीनों हत्याएं



तीन अगल–अलग थाना क्षेत्रों में हुई और तीनों की उम्र 50 से 60 साल के बीच है। तीन हत्याओं के बाद आरोपी हमलावर ने चौथे स्क्योरिटी गार्ड को अपना शिकार बनाया लेकिन उसकी किस्मत अच्छी थी और वह केवल गंभीर रूप से घायल हुआ। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसे भोपाल रेफर कर दिया गया है। पुलिस उम्मीद कर रही है कि उसकी जान बच जाए जिससे सीरियल किलर के बारे में कुछ जानकारी हासिल की जा सके। घायल स्क्योरिटी गार्ड का नाम मंगल अहीरवार है और उस पर हमला मोती नगर थाना क्षेत्र में हुआ। किलर ने रविवार और सोमवार की रात को कैंट और सिविल लाइन के दो स्कियोरिटी गार्ड को अपना शिकार बनाया था। हमलावर ने दोनों पर हथोड़े से वार किया था। हमलावर ने सबसे पहले मई के महीने में एक सिक्योरिटी गार्ड को अपना शिकार बनाया था। उसने मकरोनिया थाना क्षेत्र में पुल निर्माण कंपनी के 58 साल के गार्ड को नाइट ड्युटी के दौरान हमला किया था।






## क्या कांग्रेस से नाराज हैं आनंद शर्मा ? अहम मौके पर रहे नदारद, हिमाचल चुनाव से पहले मुश्किल में ग्रैंड ओल्ड पार्टी

नई दिल्ली। ग्रैंड ओल्ड पार्टी श्कांग्रेसश से गुलाम नबी आजाद पूरी तरह से आजाद हो चुके हैं लेकिन जी–23 समूह के नेताओं के साथ उनकी मुलाकात हो रही है। हाल ही में गुलाम नबी आजाद ने भूपिंदर सिंह हुड्डा और आनंद शर्मा से मुलाकात की थी। जिसकी वजह से कांग्रेस की टेंशन बढ़ने लगी है। क्योंकि हिमाचल प्रदेश में साल के आखिरी में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और जल्द ही जम्मू–कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। मुश्किल में कांग्रेसः कहा जा रहा है कि गुलाम नबी आजाद के समर्थन में घाटी के 5000 के अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी छोड़ने वाले हैं। जबकि सैकड़ों नेताओं ने पहले ही पार्टी को अलविदा कह दिया है। लेकिन मामला अभी थमता हुआ नहीं दिख रहा और तो और आग हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी फैलती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस कार्यसमिति की 28 अगस्त को हुई बैठक की पूर्व संध्या में भी आनंद शर्मा ने गुलाम नबी आजाद से मुलाकात की थी और कहा जा रहा है कि गुलाम नबी आजाद ने अपने संपर्क में आए कांग्रेस नेताओं को पार्टी छोड़ने की वजह भी बताई है। कार्यक्रम से नदारद रहे आनंदः हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं को बुधवार को खूब गारंटियां दी गईं। कांग्रेस ने शिमला में जनता को 10 गारंटी दी और कहा कि सत्ता में आने पर तय समय में इन्हें पूरा किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं मुख्य पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला की अध्यक्षता में 10 गारंटियों का ऐलान किया गया लेकिन इस कार्यक्रम में हिमाचल के मुख्य नेता आनंद शर्मा नदारद रहे। जबकि पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिमाचल को लेकर हुए ऐलान की जमकर तारीफ की। आपको ज्ञात हो तो आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।



# संविदा विद्युत कर्मियों से मारपीट करना पड़ा महंगा

## पुलिस ने तीन लोगों पर दर्ज किया गंभीर धाराओं में मुकदमा

मिल्कीपुर–अयोध्या। विद्युत उपकेंद्र हैरिंग्टनगंज पर तैनात संविदा कर्मियों से मारपीट के मामले में अवर अभियंता अभी प्रकाश सिंह ने कार्यवाही करने के लिए शिकायती पत्र दिया था, पुलिस कार्यवाही करने में आनाकानी कर रही थी जिसकी खबर समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसके बाद थाना कोतवाली इनायत नगर पुलिस ने मारपीट करने वाले राकेश कुमार, बृजेश राय व जितेंद्र कुमार के खिलाफ धारा 323, 504, 427, 332, 392, 506 आईपीसी में मुकदमा दर्ज कर लिया ।

तहसील मिल्कीपुर अंतर्गत विद्युत उप केंद्र हैरिंग्टनगंज के अवर अभियंता रवि प्रकाश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि बीते 25 अगस्त को रात में विद्युत केंद्र पर तैनात संविदा कर्मी प्रेम सागर तथा शंभू प्रसाद विद्युत परिचालक के साथ रात्रि करीब 2:00 बजे विभागीय निर्देशों के अनुसार विद्युत को रोस्टिंग के तहत बंद कर दिया गया। विद्युत सप्लाई रोस्टिंग में बंद होने के दौरान पारा ताजपुर गांव निवासी राकेश मिश्रा उर्फ बब्बू मिश्रा पुत्र कालीचरन, बृजेश राय पुत्र श्री कृष्ण व जितेंद्र उर्फ गोली पुत्र राम शंकर पहुंच कर विद्युत सप्लाई चालू करने के लिए दबाव बना रहे थे। जिसका विद्युत कर्मियों ने विरोध किया जिसके बाद उक्त तीनों लोगों ने मारपीट गाली गलौज करते हुए विद्युत कर्मी शंभू प्रसाद के 730 रुपए और प्रेम सागर के 550 रूपए छीनने वह जान से मारने का आरोप लगाया था। पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत पत्र अवर अभियंता रवि प्रकाश सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह निवासी कबुलपुर चांदीपुर अंबेडकर नगर ने बीते 26 अगस्त को दिया था। लेकिन पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही थी जिसकी खबर समाचार पत्रों ने जब प्रमुखता से 28 अगस्त को चलाया तो उच्च अधिकारियों की फटकार के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने तीनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि राकेश कुमार पुत्र कालीचरण बृजेश राय पुत्र श्री के जितेंद्र गुप्त गोली और राम शंकर के खिलाफ मारपीट गाली–गलौज व लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# खादी ग्रामोद्योग ने अगरबत्ती व सिलाई–कढ़ाई का दिया प्रशिक्षण

## प्रशिक्षित 50 महिलाओं को वितरित किया प्रमाण पत्र

मवई–अयोध्या। महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।उनके कौशल का विकास किया जा रहा है।इसी क्रम में खादी ग्रामोद्योग द्वारा मवई ब्लाक के दुल्लापुर ग्राम सचिवालय पर स्वयं सहायता समहू से जुड़ी महिलाओं के प्रतिभा को तराशने के लिए कौशल सुध ाार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगरबत्ती और सिलाई कढ़ाई के बारे महिलाओ को हुनरमंद किया गया। आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध ा कराने के लिए तरह तरह के हुनर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 50 महिलाओं को अगरबत्ती और सिलाई का 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है जिसके समापन अवसर पर बीडीओ मवई रशेष गुप्ता द्वारा सभी प्रशिक्षित महिलाओ को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।अब प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अगरबत्तियां बनाकर स्वरोजगार कर सकेंगी और अपने परिवार की आय को बढ़ा सकेंगी।आजीविका मिशन की डीआरपी सबीना खातून ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग द्वारा मवई ब्लाक की चयनित 50 महिलाओ को 15 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया है।जिसके बाद उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। वही बीडीओ मवई रशेष गुप्ता ने बताया कि महिलाओ को शसक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आजीविका मिशन के तहत अनेक प्रकार के स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण सरकार द्वारा दिलाया जा रहा है।जिसके तहत मवई ब्लाक की 50 महिलाओ को अगरबत्ती व सिलाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न होने पर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।इस मौके पर बहराइच के प्राचार्य छत्रपाल सिंह,खादी ग्रामोद्योग के मंडल प्रबंधक अशोक शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव लाल जी चौरसिया, भाजपा नेता मो0 तारिक खा, बीएमएम फूलचंद्र, अमित कुमार, के अलावा आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाएं रीता गुड़िया सीमा नीलू नीलम सुनीता समेत अन्य महिलाएं मौजूद रही।

# गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ शुरू हुआ पूजन–अर्चन

अयोध्या। आध्यात्मिक नगरी अयोध्या में गणेश चतुर्थी के दिन परंपरागत रूप से भगवान गणेश की पूजा अर्चना का क्रम आरंभ हो गया। जहां तमाम भक्त अपने घरों में भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना करके पूजा पाठ आरंभ कर दिए, वही सार्वजनिक रूप से भी तमाम आयोजन समितियां भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा परंपरागत स्थानों पर स्थापित करके उनका पूजन अर्चन करती हैं। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी के प्रथम दिन नगर में पांच स्थानों पर पूजा आरंभ हो गई जिसमें पॉपुलर गली के सामने श्री गोपाल जयसवाल द्वारा, ठठरैया में संतोष गुप्ता द्वारा, नहर बाग में कमल किशोर द्वारा, साहब गंज में साहबदीन सीताराम स्कूल के सामने शुभम गुप्ता द्वारा और रामनगर के शिवालय मंदिर में श्री गणेश राय की अध्यक्षता में आयोजन समितियों तमाम पदाधि ाकारियों की उपस्थिति में पूजा प्रारंभ कर दी है। इसके अलावा नगर के प्रमुख स्थान जैसे अमानीगंज कॉलोनी, साहबगंज, हैदरगंज, बछड़ा सुलतानपुर, देवकाली, बालदा, महाजनी टोला, कंधारी बाजार, बल्ला हाता रिकाबगंज, रेतिया, नया पुरवा, बेगमगंज गढ़ाईया, तेली टोला, हमदानी कोठी रीडगंज, जमुनिया बाग, टकसाल, धारा रोड, मुगलपुरा, सिविल लाइन, दाल मंडी, नाका के साथ अयोध्या ध ाम में रायगंज गोडीयाना, बिरला मंदिर के सामने पुराना बस अड्डे के पास, श्रृंगारहाट, नया घाट, ऋण मोचन चौराहा, काशीराम कॉलोनी रामघाट और शेरगंज बाजार कैथाना सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोहावल क्षेत्र में लगभग 18 स्थानों पर, रुदौली में 1 स्थान पर, भदरसा में 3 स्थानों पर, पूरा ब्लॉक में 30 स्थानों पर, गोसाईगंज में 3 स्थानों आदि ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे जिले में लगभग 300 स्थानों पर आगामी 4 और 5 सितंबर से पूजा प्रारंभ हो जाएगी और 9 सितंबर को इन सभी मूर्तियों का विसर्जन परंपरागत स्थानों पर किया जाएगा। श्री जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय समिति के प्रमुख पदाधि ाकारियों में गगन जायसवाल, जेएन चतुर्वेदी, सुप्रीत कपूर,रोहित अग्रवाल सहित पार्षद एवं जोनल प्रमुख राजेश गौड़ तथा जोनल प्रमुख अतुल सिंह, अखिलेश पाठक, बजरंगी साहू, चंदन गुप्ता, पवन निषाद, आलोक शंकर, अमित कनोजिया, राजू जायसवाल, अशोक कनक, राजेश श्रीवास्तव, सुनील मौर्य, विशाल गुप्ता आदि अपने–अपने क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर करते हुए पूजा समितियों के संपर्क में है और उनकी जो समस्याएं हैं, उन्हें एकत्र करके प्रशासन के सहयोग से उनके समाधान का प्रयास किया जा रहा है जिससे गणेश उत्सव पूरे भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हो सके।

# जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। आज दिनांक 01 सितम्बर को न्यायाधीशध्अध्यक्ष



जिला विधिक प्राधिकरण लल्लू सिंह द्वारा जिला जेल, बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया तथा अस्पताल में बन्दी मरीजों का हाल पूछा गया। फार्मेसी में रखी दवाओं के उपयोग की जानकारी ली गयी। बन्दी मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात् महिला एवं पुरुष बैरिकों का निरीक्षण किया गया, बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। बन्दियों के पास अपने मामले के पैरवी हेतु अधिवक्ताओं की उपलब्धताध्पैरवी के सम्बन्ध में भी पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि यदि किसी बन्दी के पास अपने मुकदमें के पैरवी हेतु अधिवक्ता न हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक प्राधिकरण बलरामपुर को भेज सकते है। न्यायाधीश द्वारा पाकशाला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जेल मैनुअल के अनुसार भोजन उपलब्ध ा कराने, कारागार की समुचित साफ–सफाई, बन्दियों को पीने के पानी की उपलब्धता एवं मच्छरों से बचने हेतु नियमित फागिंग कराये जाने तथा समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु जेल अध ाीक्षक को निर्देशित किया गया। उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार महिला बन्दियों के साथ रह रहे सभी बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराएं जाए। जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में नामित पी0एल0वी0 द्वारा सभी बन्दियों को डाटा कम्प्यूटर पर अपलोड कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया, जिससे समय पर सूचना मिल सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार, प्रभारी जेल अधीक्षकध्जेलर एवं डिप्यूटी जेलर उपिस्थत रहे।

# तपस्वी छावनी के महंत सर्वेश्वर दास को दी गई श्रद्धांजलि

### –अंतिम यात्रा में शामिल हुए संत महंत

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या की चार सबसे बड़ी पीठों में सम्मिलित तपस्वी छावनी के महंत सर्वेश्वर दास जी महाराज के निधन पर हिंदू महासभा की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि प्रकट की गई हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा तपस्वी छावनी पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया गया, प्रवक्ता मनीष पांडेय द्वारा कहा गया कि यह संत समाज की अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल होगा , नया मंदिर शीश महल के महंत एवं हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम लोचन सरवन शास्त्री राजन बाबा जी महाराज ने सर्वेश्वर दास जी महाराज को एक कर्मठ और अध्यात्मिक संत बताया, तपस्वी छावनी के उपरांत सभी हिंदूमहासभाई उनकी पार्थिव शरीर की शोभायात्रा के साथ तुलसी घाट (कच्चा घाट) पहुंच कर उन्हें अंतिम विदाई दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि प्रकट करने में हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय, नया शीश महल मंदिर के महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित विधि पूजन पांडे जिला महामंत्री चंद्रहास दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी हीरामणि पांडेय, जिला मंत्री अजय शुक्ला जिला मंत्री दुर्गेश मिश्र पूर्व भाजपा नगर उपाध यक्ष अधिवक्ता राजीव कुमार शुक्ला भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश जयसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

## दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने–सामने टक्कर

सोहावल–अयोध्या । सड़क दुर्घटना में रिश्तेदारी में जा रहे युवक की दो मोटरसाइकिल के बीच आमने सामने हुई टक्कर में दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल भेजवाया जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित करते हुए दूसरे घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।सूचना पर पहुँची रौनाही पुलिस ने पंचनामा भरकर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोहावल के मीरपुर कांटा के कांटे गांव निवासी राधेश्याम पुत्र सुख राज उम्र लगभग 36 वर्ष ..अपनी बहन के यहाँ किठावा डेवढ़ी बाजार गया था । वहा से अपने एक रिश्तेदार के साथ अमानीगंज की तरफ दूसरी रिश्तेदारी में जा रहे थे ।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ये किठावा गांव से निकलकर डेवढ़ी अमानीगंज रोड पर पहुचकर जैसे ही अमानीगंज के तरफ बढ़े ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों छिटक कर दूर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गए।वहां पहुचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घायलों को लेकर रौनाही पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पहुंचीस जहां डॉक्टरों ने राधेश्याम पुत्र सुखराज निवासी मीरपुर कांटा को मृत घोषित कर दियास गंभीर हालत होने पर दूसरे घायल काशी राम उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी राय पट्टी थाना खंडासा को जिला अस्पताल रेफर कर दियास इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि दुर्घटना में दोनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया स जहां एक की मौत हो गई स पंचनामा भर के लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है स जबकि दूसरे घायल का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

# आशा प्रकरण में आया नया मोड़ हुई जिला स्तर से मुख्य मंत्री तक शिकायत

## .आशा पर कार्यवाही न होने पर अधीक्षक द्वारा कार्य बहिष्कार की धमकी

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में आशा और अधीक्षक तुलसीपुर का विवाद बढ़ता ही दिख रहा है। पीड़ित आशा ने शिकायती पत्र के माध्यम से जिले के उच्चाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक न्याय की गुहार लगाई है। आपको बता दें स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा पूनम सिंह जो की कौवापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात हैं और नसबंदी को लेकर आदेश के क्रम में वह अपने मरीज को लेकर तुलसीपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई थी और दवा न देने को लेकर जहां पर उनका सीएससी अधीक्षक सुमन सिंह चौहान और महिला चिकित्सक डॉक्टर सौम्या नायक से बीते दिनों विवाद हुआ था जिसमे अधीक्षक द्वारा आशा को पुलिस के हवाले किया गया था। लेकिन आशा का पक्ष जानने के बाद उसे पुलिस ने छोड़ दिया। मामला आशा को मोबाइल छीनने को लेकर हुआ जब वह वीडियो बना रही थी जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो द्वारा दी गई है और स्वयं भी आशा का कहना है जबकि उसका मोबाइल छीनने का प्रयास करते हुए देखा जा रहा जिसमे महिला चिकित्सक और आशा में लड़ाई देख अस्पताल परिसर में मरीजों और स्थानीय लोगों के काफी भीड़ देखी जा रही थी इसी क्रम में बात करते हैं पूरे मामले के घटनाक्रम की तो आशा का कहना है कि मरीज के ऑपरेशन के बाद दवा के लिए वह फार्मेसिस्ट शिवपूजन को ढूंढने के बाद जब वह नहीं मिले तो अधीक्षक सुमन्त सिंह से दवा के लिए बोलने पर उनके द्वारा गाली देने का आरोप लगाया साथ मिल कर रहने की ध ामकी देना और ना मिलने पर अंजाम भुगतने की बात करना का आरोप आशा पूनम सिंह के द्वारा अधीक्षक पर लगाया जा रहा है। वही इस संबंध में अधीक्षक सुमन्त सिंह का कहना है कि यह आशा काफी बदतमीज है और मुझे और जिले के उच्च अधिकारियों को गाली गलौज देती है और अभद्रता का परिचय भी देती है जो हमें बर्दाश्त नहीं है हम सम्मान से समझौता नही करेंगे। हमने इस घटना की शिकायत को लेकर आशा कार्यवाही करेंगे उन्होंने यह भी बताया के नसबंदी को लेकर एक अभियान चलाया जा रहा था जिसमें आशा के द्वारा मरीजों का समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में नसबंदी होना निश्चित है। जिसको लेकर आशा मरीजों को तुलसीपुर लाकर नसबंदी कराएं लेकिन आशा के द्वारा नसबन्दी कार्य में शिथिलता और स्टॉप और अधिकारियों से बदतमीजी करना बताते हुए बताया कि इसका डाटा भी नहीं पूरा है इसको लेकर इसे बार–बार अग्रिम कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है लेकिन इस पर कोई असर नहीं पड़ता दिख रहा है। अगर इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो हम कार्य बहिष्कार कर देंगे क्योंकि चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने हमें अपमानित किया है इसकी सजा इसको अवश्य मिलनी चाहिए नहीं मिला तो हम कार्य बहिष्कार करेंगे।

# लड्डूवन का भोग लगे संत करें सेवा

### इस 2022 में गणेश चतुर्थी एक विशेष सयोग में 300वर्षों बाद पड़ा है

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। गणेश चतुर्थी हर वर्षो की भाति इस



वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है किन्तु इस वर्ष विशेष सयोग 300वर्षो बाद पड़ा है इसलिए और भी विशेष रूप से मनाया जा रहा है गणेश प्रतिमा पूजन आरती के पश्चात गणपत बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति मोरिया सिद्ध विनायक विघ्नहर्ता मंगलकर्ता मोरिया नारों के साथ प्रारंभ किया गया प्रथम दिवस भजन संध्या का आयोजन रहा जिसमें लखनऊ से बुलाए कलाकारों द्वारा भजन किया गया। तुलसीपुर नगर में चीनी मिल में स्थापित प्रतिमा बहुत ही सुन्दर ढंग से सजाया गया। विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच मिल परिसर में मनाया गया जिसमें मिल के अधिकारियो कर्मचारियों के साथ साथ महिलाओ और बच्चो ने बड़े ही भक्ति भाव से पूजन किया साथ ही पुरानी बाजार नई बाजार थानामोड़ बैरागी पुरवा। बलरामपुर चौराहा पुरवा सहित तमाम गावों में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। अंतिम दिन मूर्तियों का विसर्जन किया जायेगा जो देविपाटन के सीरिया नदी में किया जायेगा।

# चोरी की घटनाओं पर स्थानीय प्रशासन का अंकुश नहीं

## लगातार नगर में देखी जा रही हैं चोरी की घटनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। स्थानीय प्रशासन के दावों की बात करें तो क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के क्रम में लगातार कार्रवाई की जा रही है लेकिन जमीनी हकीकत से इनकार नही किया जा सकता है। आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर में चोरियों की लगातार घटनाएं होते देखी जा रही हैं और हो रहे चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त देखा जा रहा है। तो वही स्थानीय पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। बीते दिनों की घटनाओं की बात करें तो नाईमिया अरबी कालेज, गुरुद्वारा वार्ड में छात्र लाज में अध्यापिका के घर चोरी भवनिया पुर पाटन और पुरवा इलाके में चोरों ने चोरी के वारदात को अंजाम दिया है लेकिन स्थानीय पुलिस के हाथ अभी तक खाली रहे अब बात करते हैं तुलसीपुर नगर के केंयूनियन वार्ड 9 के नई बस्ती मोहल्ले की जहां पर बीती रात प्रातः 4 बजे चोरों ने सहायक अध्यापक मोह रेहान के घर पर खिड़की के रास्ते दरवाजा खोल घर में घुसे और घर में रखा दो मोबाइल उनका पर्स जिसमे जरूरी कागजात थे और अन्य सामान लेकर रफूचक्कर हो गए जिसका फुटेज वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा जा सकता है आपको बता दें कि सहायक अध्यापक जोकि गैसड़ी विकासखंड के रामनगरा कमपोजिट विद्यालय में कार्यरत हैं और वह यहां किराए के मकान लेकर वार्ड नंबर 9 में रहते हैं इनके घर बीती रात 4.00 बजे जब वह लोग सोए हुए थे तभी चोरों ने घर में घुसकर हाथ साफ किया और रफूचक्कर हो गए जिसकी सूचना स्थानीय थाना तुलसीपुर को दी गई है जिसपर जांच और कार्यवाही की बात कही जा रही है।

# देवीपाटन मन्दिर में शारदीय नवरात्रि मेला को लेकर बैठक 03 सितम्बर को

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अपर जिला मजिस्ट्रेट राम अभिलाष ने बताया कि देवीपाटन मन्दिर तुलसीपुर में शारदीय नवरात्रि का मेला दिनांक 26 सितम्बर, 2022 से प्रारंभ हो रहा है। मेले में देश, प्रदेश एवं विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा–अर्चन आदि के लिए आते है। श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था रेल, बस एवं निजी साधन है। मन्दिर परिसर में एवं तहसील तुलसीपुर के मुख्यालय के अन्य भागों में काफी भीड़–भाड़ होती है। बलरामपुर से सटा नेपाल देश है। यहां से भी पर्याप्त संख्या में दर्शनार्थी आते है। सभी की सुरक्षा एवं अन्य दृष्टिकोण से मेले को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी, बलरामपुर की अध यक्षता में दिनांक 03 सितम्बर, 2022 को समय 02:00 बजे अपराह्न देवीपाटन मन्दिर तुलसीपुर पर बैठक आयोजित की गई है। सभी सम्बन्धि ात अधिकारी अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित तैयारियों के सम्बन्ध में सूचना सहित ससमय बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

*मतदेय स्थलों की आलेख्य प्रकाशित सूची के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत एवं सुझावों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक 02 सितम्बर को बलरामपुर। अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधि ाकारी राम अभिलाष ने बताया कि मतदेय स्थल बनाने हेतु भवनों का चयन, पुनर्निर्धारण तथा भवनों का भौतिक सत्यापन के पश्चात् मतदेय स्थलो की आलेख्य सूची का प्रकाशन दिनांक 22 अगस्त, 2022 को किया जा चुका है। मतदेय स्थलों की आलेख्य प्रकाशित सूची सांसद एवं समस्त विध ाायक, अध्यक्षध्मंत्री व समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल बलरामपुर को प्राप्त कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों की आलेख्य प्रकाशित सूची के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अन्तिम रूप दिया जाना है। इस सम्बन्ध में जिलाधि ाकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी की अध यक्षता में दिनांक 02 सितम्बर, 2022 को दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रट सभाकक्ष, बलरामपुर में सांसद एवं समस्त विध ाायक, अध्यक्षध्मंत्री व समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल बलरामपुर की उपस्थिति में बैठक आहूत की गयी है।*

# मोहाना लोटन मार्ग बनने से क्षेत्र के जनता को सीधा लाभ मिलेगा:सांसद जगदंबिका पाल

## सांसद जगदंबिका पाल ने किया मोहाना लोटन मार्ग प्रधानमंत्री सड़क का शिलान्यास






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मोहाना लोटन मार्ग पर मोहाना से महदेवा होते हुए बररोहिया तक 10 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाली प्रधानमंत्री सड़क का शिलान्यास डुमरियागिंज सांसद जगदंबिका पाल ने गुरुवार को मोहाना से किया। इस दौरान उन्होंने शिला पट का अनावरण कर उक्त मार्ग का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की किसी भी क्षेत्र का विकास में उस क्षेत्र की सड़कों का भी अहम भूमिका होती है। जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस के सुलभ एवं सुरक्षित आवागमन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर नई सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वहीं पूर्व से निर्मित सड़कों के सुदृढ़ीकरण को लेकर भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिसका प्रमाण है की आज मोहाना सोहास उसका मार्ग भी प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत चयनित होकर नए स्वरूप में परिवर्तित होने जा रही है।जिसके बनने से क्षेत्र के जनता को सीधा लाभ मिलेगा। अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करती हुई मोदी योगी के डबल इंजन के सरकार की योजनाओं के माध्यम से आज जनपद सिद्धार्थनगर भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं रेल सभी क्षेत्रों अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है। इस दौरान राजेंद्र पाण्डेय, शैलेंद्र वर्मा, नितेश पाण्डेय, दृगणारायण सिंह, दीपक मौर्य, एसपी अग्रवाल, सुधीर पाण्डेय, रामनारायण, ओमप्रकाश यादव, दृगणारायण सिंह, आशीष शुक्ला, सिद्धार्थ गौतम, रामनारायण, शैलेंद्र वर्मा, सबलू साहनी, रामानंद वर्मा, लौहर बाबा, प्रेम चंद मोदनवाल, संपूर्णानंद पाण्डेय, रामानंद वर्मा, संतोष पाण्डेय, राकेश पांडेय, जहीर सिद्दीकी, मुरारी सिंह, विवेक गोस्वामी, अफजल हुसैन, मूसे सिंह, दिग्विजय सिंह, बृजेश सिंह, लाल जी गुप्ता, लाल जी यादव, विजय यादव।

# शिक्षण को सरल बनाते हैं टीयलयम:डायट प्राचार्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कक्षा शिक्षण में विषय एवं प्रकरण की आवश्यकतानुसार टीचिंग एंड लर्निंग मैटेरियल्स अर्थात टीयलयम का प्रयोग कर शिक्षक अपने शिक्षण को सरस, सरल, प्रभावपूर्ण एवं



बालोपयोगी बना सकते हैं। डायट बांसी में आयोजित जनपद स्तरीय नोडल शिक्षक संकुल टीयलयम कार्यशाला, द्वितीय चक्र के उद्घाटन सत्र में यह विचार डायट प्राचार्य राम मूरत ने व्यक्त किए. नौगढ़, बर्डपुर, बढ़नी, शोहरतगढ़, भनवापुर एवं इटवा विकास क्षेत्रों से आए नोडल संकुल शिक्षकों की तीन दिवसीय टीयलयम कार्यशाला का संचालन संदर्भदाता अपूर्व श्रीवास्तव एवं अरविंद कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता सतीश धवन सहित मोहम्मद यूनुस, महेंद्र कुमार यादव, मंजुला यादव, डाक्टर प्रतिभा सिंह, फुरकान अहमद, पंकज कुमार, नागेंद्र कुमार आदि प्रवक्ता गण ने परिवेशीय, शून्य निवेश, कबाड़ से जुगाड़ आदि पर आधारित शैक्षिक सामग्रियों के निर्माण पर उपयोगी जानकारी प्रदान की. प्रशिक्षण में धर्मेन्द्र सिंह, नियाज अहमद, दीपक श्रीवास्तव, राजेश कुमार, मदनलाल, जमील अहमद, धर्मेन्द्र चौधरी, अनिल पांडेय, हरिमोहन शुक्ला आदि संकुल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# ग्राम प्रधान संगठन ने बैठक कर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन,भुगतान की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन





- विगत 8 माह से भुगतान को लेकर परेशान प्रधानों को नवागत बीडीओ संगीता यादव से है भुगतान की उम्मीद
- प्रधानों का मनरेगा भुगतान न होने से 8 माह से परेशान

शोहरतगढ़ ब्लाक सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जनपद एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के जिलाध्यक्ष डा पवन मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी संगीता यादव के साथ एडीओ पंचायत मोहनलाल ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम ने कहा कि है। खण्ड विकास अधिकारी को सौंपे 10 सूत्रीय मांग में प्रमुख रूप से उन्होंने लिखा कि जिनका भुगतान नही हुआ प्राथमिकता के आधार उनका भुगतान हो, जिन गांवों में पक्के कार्यो की स्वीकृति नही हुआ है उनके नए कार्यो की स्वीकृति हो आदि 10 विंदुओं की बातों को प्रमुखता से रखा है। कुछ प्रधानों को छोड़ दिया जाय तो अधिकांश प्रधानों का मनरेगा भुगतान नही हुआ है। प्रधान साथी विगत 8 माह से परेशान है और उनकी आये दिन समस्याएं बढ़ती जा रही इस दौरान जिला महामंत्री सुनील सिंह उर्फ रिंकू सिंह, अमरिंदर चौधरी, नन्हे प्रधान, गंगाधर मिश्रा, रामू साहनी, शिवलाल प्रजापति, सुभाष यादव, अजय चौधरी, अजय कुमार मिश्रा, सिकंदर यादव, पंकज चौबे, बहराइची बाबा, पवन कुमार, सुनील कुमार यादव, करम हुसैन, संजय प्रधान, शिवशंकर चौधरी, रामदास, विनोद कुमार शर्मा, रामप्रसाद, अब्दुल अजीज, बृजभान यादव, इबरार अली, रामधारी प्रसाद त्यागी, महेंद्र प्रताप चौधरी, शैलेश कुमार, जावेद अहमद, राजनेत चौरसिया, मो असीम उर्फ नैय्यर आदि मौजूद रहे।

# सेवा निवृत्ति जिला जज के विदाई समारोह में भावुक हुए विधायक विनय वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने मुख्यालय स्थित अपने आवास एवं कैंप कार्यालय पर सेवा निवृत्ति हुए जिला जज प्रमोद कुमार शर्मा का विदाई समारोह





का आयोजन किया। इस दौरान सेवा निवृत्ति हुए जिला जज का उन्होंने फूल मालाओं से स्वागत किया और उनकी पत्नी बबिता वर्मा ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रुप में देते हुए अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि न्यायाधीश जी ने जनपद में अपनी सेवाओं तथा जिम्मेदारियों के कुशल निर्वहन में एक अभूतपूर्व स्थान स्थापित किए हैं। उनके कार्यकाल में जनपद में न्याय व्यवस्था तथा इससे जुड़े सभी विभागों व जनहित में लाभकारी इस सारे कार्य नियमित रुप से संपादित हुए हैं। 17 महीनों के उनके कार्यकाल में जनपद सिद्धार्थनगर में न्यायालय के कार्यों में कई बार रिकोर्ड बने हैं। गत मार्च में लोक अदालत के माध्यम से 1 लाख 11 हजार से ज्यादा केस निपटाये गये। अभी अगस्त के 13 तारीख में लगभग 1 लाख 38 हजार केसों का निपटारा हुआ। उन्होंने सेवा निवृत्ति हुए जिला जज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी तमन्ना है कि एक बार महोदय हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पुनः पदस्त होकर हमारे बीच में आयें। जिससे समाज को एक नई दिशा तथा न्याय व्यवस्था को एक कुशल मार्गदर्शन मिल सके साथ ही इस व्यवस्था में लंबित जटिल कार्यों का निष्पादन उचित समय पर हो सके। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एसपी अग्रवाल, शासकीय अधिवक्ता अशोक त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, राधे बाबा, राकेश तिवारी, गंगा मिश्रा, सिद्धार्थ अग्रवाल, संजय कसौधन, रवि अग्रवाल, शोभनाथ चौधरी, एम पी गोस्वामी, मुन्नी देवी, हरीश वर्मा, महेश चंद्र वर्मा, विपिन कुमार सोनी, सन्नी उपाध्याय, प्रदीप उपाध्याय, विजय गुप्ता, गोलू यादव आदि मौजूद रहे।

# शिवनगर के शिवमंदिर पर लगा सोलर लाइट

## समाजसेवी रवि अग्रवाल ने नवसृजित वार्ड नम्बर 9 शिवनगर में शिव मंदिर पर लगवाया सोलर लाइट

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतग/धसिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 से सभासद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी रवि अग्रवाल ने नगर पंचायत के सीमा विस्तारित क्षेत्र अन्तर्गत नवसृजित वार्ड नम्बर 9 शिवनगर में शिव जी के मंदिर पर सोलर लाइट लगवाया है। शिवमंदिर पर सोलर लाइट लगने के बाद स्थानीय लोगों ने उनके इस कदम की खूब सराहना की है। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने बताया की नीबी दोहनी के राजेश कसौधन जी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के मंदिर स्थल पर सोलर लाइट की आवश्यकता है। जिसका संज्ञान लेते हुए यह कार्य किया गया है। इस दौरान श्यामदेव रावत, छोटू रावत, राजेश कुमार कसौधन आदि ने बधाई दी है।





# बच्चा चोर निकला मानसिक रूप विक्षित, मारपीट करने वालो पर होगी कार्रवाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लोटन थाना अंतर्गत बुधवार रात को बच्चा चोर समझकर एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने काफी मार पीट दिया लेकिन



जब मामला पुलिस तक पहुंचा तो जिसे बच्चा चोर समझकर ग्रामीण पीट रहे थे। वह मानसिक रूप से विक्षित निकला। जिस के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में कभी भी बच्चा चोर जैसी घटनाएं नहीं घटी है। ग्रामीणों ने जिस व्यक्ति को मारा पीटा है वह मानसिक रूप से विक्षित है जिसे लोटन प्रभारी निरीक्षक द्वारा उसके परिवार को सौंप दिया गया है। जिन लोगों ने मारा पीटा था उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बच्चा चोर के नाम पर जो अफवाह है उस पर विश्वास ना करें जनपद में पुलिस पूरी तरीके से मुस्तैद है कोई भी घटना घटने नहीं देगी।

# गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे धूम धाम से हुआ गणेश पूजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। गणेश चतुर्थी पर बुधवार को प्रथम पूज्य और रिद्धी-सिद्धी के दाता



भगवान गणेश का धूमाधम से पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच घरों और गलियों-मोहल्लों, सार्वजनिक स्थानों पर गणपति प्रतिमाओं की स्थापना हुई। लोगों ने मंदिरों में पार्वती नंदन को लड्डू-मोदक का भोग लगाकर पूजा अर्चना कर जयकारे लगाए। इसके साथ दस दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरुआत हो गई। पंडित राकेश शास्त्री ने कहा कि गणेश प्रथम देवता हैं इनके पूजन के बाद ही और देवताओं का पूजन किया जाता है गणपति बप्पा सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं ।

# कई दिनों से लड़की हुई लापता खोज बीन में जुटी पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के लक्षनपुर में सुनैना पांडेय पति



राजकुमार पाण्डेय उम्र 22 वर्ष है लड़की अपने घर से कही चली गई है और उसका पता आज तक नही चला 25 जुलाई 2021 को ही लापता हो गई है वही लड़की के ससुराल वालो ने थाने पर गुमशुदगी का प्राथना पत्र दिए है वही प्राथना पत्र के माध्यम से पुलिस खोज बीन कर रही है पुलिस ने बताया कि अगर किसी को भी सूचना मिले तो थाने के सीयूजी नंबर 9454404244 और 8948814785 नंबर पर सूचना दे।

# सम्पादकीय

**इस घटनाक्रम के बीच दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा उसकी सरकार गिराने की कोशिश कर रही है। उसका कहना है कि उसके 40 विधायकों को तोडने की कोशिश की जा रही है, जिसके लिए भाजपा आठ सौ करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। पता नहीं इसमें कितनी...**

## कर्नाटक, बंगाल,दिल्ली में हार का घाव




यहीं कहानी कर्नाटक में दोहराई गई, जहां 2018 के चुनाव में भाजपा सरकार बनाने लायक बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी और कांग्रेस–जेडीएस ने चुनाव के बाद गठबंधन करके सरकार बना ली। वहां भी भाजपा ने डेढ़ साल में सरकार गिरा दी और अपनी सरकार बना ली। पश्चिम बंगाल का मामला और दिलचस्प है। भाजपा ने बंगाल का चुनाव करो या मरो वाले अंदाज में लड़ा था। ममता बनर्जी की पार्टी के दर्जनों बड़े नेताओं को तोड़ कर भाजपा में शामिल किया गया था। चुनाव आयोग ने इस तरह से कार्यक्रम बनाया था कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर के पीक समय में भी दो महीने तक चुनाव चलता रहा। इसके बावजूद भाजपा चुनाव हार गई। उसके बाद से बंगाल में जो हो रहा है वह देश देख रहा है। भाजपा ने अपने सभी विधायकों और अनेक दूसरे देशों को केंद्रीय सुरक्षा बलों की सुरक्षा दे रखी है। कई बार स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के टकराव की स्थिति बनी। सत्तारूढ़ दल के नेताओं के खिलाफ लगातार केंद्रीय एजेंसियों के छापे चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी नेताओं के साथ साथ परिवार के सदस्यों के खिलाफ जांच चल रही है और गिरफ्तारी की तलवार लटकी है। ममता की पार्टी के अनेक नेता गिरफ्तार हो चुके हैं और भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि तीन चौथाई बहुमत वाली ममता बनर्जी की सरकार गिरा देंगे। सबसे क्लासिकल केस दिल्ली का है, जहां भाजपा लगातार हार रही है। विधानसभा बनने के बाद 1993 के पहले चुनाव में भाजपा जीती थी। उसके बाद लगातार छह विधानसभा चुनावों में भाजपा हारी है। पिछले दो चुनावों में तो उसकी दुर्गति हुई है। 2015 के चुनाव में उसे 70 में से सिर्फ तीन सीटें मिली थीं और 2020 में वह महज आठ सीट जीत पाई। लेकिन दिल्ली की अनोखी प्रशासकीय संरचना का लाभ उठा कर भाजपा ने लगातार सरकार को परेशान किए रखा। बाद में तो संसद के कानून बना कर ही केंद्र ने अपने द्वारा नियुक्त उप राज्यपाल को ही दिल्ली सरकार घोषित कर दिया। उसके बावजूद किसी न किसी तरह से राज्य सरकार के कामकाज में केंद्र ने दखल बनाए रखा है। अब एक एक करके राज्य सरकार के मंत्रियों की धरपकड़ शुरू हुई है। एक मंत्री सत्येंद्र जैन हवाला के जरिए लेन–देन करने के आरोप में जेल में बंद हैं तो दूसरे मंत्री मनीष सिसोदिया के यहां शराब नीति को लेकर छापा पड़ा है। सिसोदिया खुद ही कह रहे हैं कि वे जल्दी ही जेल जा सकते हैं। इस बीच बस खरीद में कथित घोटाले का हल्ला मचा है, जिसमें कई लोगों की जांच की संभावना है। राज्य सरकार के अधिकारी लगातार निशाने पर हैं। उप राज्यपाल ने कई अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और कई अधिकारियों के खिलाफ जांच की सिफारिश की है। इस घटनाक्रम के बीच दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा उसकी सरकार गिराने की कोशिश कर रही है। उसका कहना है कि उसके 40 विधायकों को तोडने की कोशिश की जा रही है, जिसके लिए भाजपा आठ सौ करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। पता नहीं इसमें कितनी सचाई है लेकिन इस बात की चर्चा भी हो रही है कि भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली विधानसभा को समाप्त करने पर विचार कर रही है। यानी अगर चुनाव नहीं जीत सकते हैं तो चुनाव लडने का टंटा ही खत्म कर देते हैं। सोचें, यह कितनी खतरनाक सोच हैं? चाहे जिस वजह से दिल्ली के बारे में ऐसा सोचा जा रहा हो लेकिन एक बार अगर यह प्रक्रिया शुरू हो गई तो उसे देश में कहीं भी आजमाया जा सकता है।

## छोटी सी बात का बत्तंगड़

अंतरराष्ट्रीय राजनय में छोटी घटनाएं भी किस तरह बढ़ा–चढ़ाकर पेश की जाती हैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का एक छोटा सा कदम इसका उदाहरण है। इसे भारत के रूस के खिलाफ मतदान करने के रूप में प्रचारित किया गया जो कि निहायत गलतबयानी है। वस्तुतः भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते जो किया वह बिलकुल अपेक्षित कदम है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सुरक्षा परिषद को संबोधित करने के आमंत्रण को लेकर मतदान हुआ था, भारत ने इसके पक्ष में मतदान किया, जिसे भारत का रूस के खिलाफ मतदान कहा गया।

परिणामस्वरूप 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने जेलेंस्की को वीडियो–टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। रूस की सेना ने छह माह पहले फरवरी में यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस मामले में भारत अभी तक रूस के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव का साथ देने से बचता रहा है। इससे अमेरिका समेत तमाम पश्चिम देश नाराजगी जताते रहे हैं। रूस के खिलाफ भारत को अपने पाले में लाने के लिए ये देश जी–तोड़ प्रयास करते रहे हैं।

युद्ध के लिए पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक एवं अन्य प्रतिबंध लगाए हैं। भारत दो साल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थायी सदस्य है। इसलिए भी भारत का साथ पाने के प्रयास चलते रहते हैं, जबकि भारत ने किसी का भी साथ न देने की नीति पर चलते हुए अपनी स्वतंत्र पहचान बनाई। भारत ने रूस और यूक्रेन से कूटनीति एवं वार्ता के मार्ग पर लौटने की कई बार अपील की है और दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने के सभी कूटनीतिक प्रयासों में सहयोग व्यक्त किया है।

सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन की स्वतंत्रता की 31वीं वषगांठ पर छह महीने से जारी युद्ध की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की। रूस के राजदूत ने वीडियो टेली–कॉन्फ्रेंस के जरिए जेलेंस्की की भागीदारी के संबंध में एक प्रक्रियात्मक वोट कराने का अनुरोध किया। भारत सुरक्षा परिषद के उन 13 सदस्योंमें शामिल रहा है, जिन्होंने जेलेंस्की को सुरक्षा परिषद को संबोधित करने की अनुमति देने के पक्ष में वोट किया, जबकि वोटिंग का आह्वान करने वाले रूस ने इस निमंतणके खिलाफ मत दिया और चीन ने वोट नहीं दिया। गलतबयानी करके भारत की छवि खराब करने के किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

## क्या सुप्रीम कोर्ट दोषियों को जेल भेज सकता है ?

**उनकी इस अपील का असर क्या पहले की तरह होता है, इसका पता जल्द ही चल जाएगा। लेकिन इराक एक बार फिर जिस तरह राजनैतिक उथल–पुथल के दौर में पहुंच गया है, वह न केवल इराकी जनता बल्कि समूची दुनिया के लिए चिंता की बात है। दुनिया के कई देशों में इस तरह की हिंसापूर्ण घटनाएं हो रही हैं और सरकारें अस्थिर हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसे हरेक मामले पर चिंता तो जाहिर करता है, ...**

अजय दीक्षित

पिछले दिनों गुजरात में बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जो आजीवन कैद की सजा काट रहे थे, अपने रैमिशन नियम के तहत माफ कर दिया और वे 15 अगस्त को जेल से रिहा हो गये । ये ग्यारह सजायाफ्ताओं ने 21 साल की गर्भवती बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार किया था । पन्द्रह साल जेल की सजा काटने के बाद आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में इन्हें आम माफी दे दी गई क्योंकि इन्होंने पन्द्रह साल जेल में सजा काटते वक्त अच्छा आचरण (?) किया था, जैसा कि इन्हें माफीनामा में लिखा गया है । बाहर आकर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया, इन्हें लड्डू खिलाये गये और एक महिला ने इनका रोली चावल से टीका भी किया ! 15 अगस्त को ही लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने नारी गरिमा की बात अपने भाषण में कही थी । कहा जा रहा है कि जिस कमेटी ने ग्यारह कैदियों की रिहाई की सिफारिश की है उसमें पांच सदस्य भाजपा के थे जिनमें दो वर्तमान में गुजरात विधानसभा में भाजपा से सदस्य भी हैं । यह भी दुरूखद संयोग है कि इस घटना पर प्रधानमंत्री ने कोई वक्तव्य नहीं दिया है । वे बेवड़ी सरकार के मुखिया अरविन्द केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई दे सकते हैं (दिल्ली सरकार को रेवड़ी और बेवड़ी सरकार स्वयं भाजपा कहती है) परन्तु गुजरात की भाजपा सरकार के फैसले पर



मोदी जी मुखर नहीं हुए हैं । यह भी आश्चर्य है कि केन्द्रीय महिला आयोग ने भी चुप्पी साध ली है ! दुर्भाग्य से आज पूरी तरह सभी संवैधानिक संस्थाओं का राजनैतिकरण हो गया है । यह बात नहीं है कि पहले ऐसा नहीं हुआ था । तबके गृह मंत्री पी. चिदम्बरम ने अमित शाह को जेल भेजा था, अब की गृह मंत्री अमित शाह ने चिदम्बरम को जेल भेजा ।

असल में दुराचार के एक अपराधी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की कि वर्तमान नियमों के अन्तर्गत उसे अब मुक्ति मिलनी चाहिये जिस पर भाजपा की गुजरात सरकार ने ऐसा निर्णय लिया जबकि नियमानुसार गम्भीर अपराधियों को कोई छूट नहीं मिल सकती । शायद सुप्रीम कोर्ट ने मैकेनिकल तरीके से यह मामला गुजरात सरकार को भेज दिया जबकि बलात्कार के अपराधी का आवेदन सुप्रीम कोर्ट में ही खारिज हो जाना चाहिए था ।

भाजपा का कहना है कि ये 11 अपराधी ब्राह्मण हैं, सचरित्र हैं, इन्हें माफी मिलनी ही चाहिए थी । अब यह भाजपा की व्याख्या है कि बलात्कार का अपराधी अच्छे चरित्र वाला होता है । भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति को सजा में माफी देने या उसे कम करने का अधिकार है । राष्ट्रपति सजा को माफ कर सकता है, उसे स्थगित कर सकता है, उसे बढ़ा सकता है या कम कर सकता है । अनुच्छेद 161 के अन्तर्गत इसी प्रकार का अधिकार राज्य के राज्यपाल को है । इसी प्रकार सी.आर.पी.सी. के अन्तर्गत राज्य या केन्द्र सरकारों को बिना किसी शर्त के अपराधी की सजा को माफ या कम करने का अधिकार है । यद्यपि यह अधिकार सेक्शन 432 के अन्तर्गत है परन्तु 433 ए के अन्तर्गत यह भी प्रावधान है कि इस शक्ति का प्रयोग हत्या, बलात्कार जैसे गम्भीर अपराध के अपराधियों पर लागू नहीं हो सकता । कोई भी छूट 14 साल की सजा काटने के बाद ही सुनी जा सकती है । सल में बिलकिस बानो का केस गुजरात से महाराष्ट्र ट्रान्सफर हुआ था । महाराष्ट्र के जज ने जिसने इन अपराधियों को सजा दी थी उनका कहना है कि गुजरात सरकार को उनसे इस सम्बन्ध में सलाह लेनी चाहिए थी । जस्टिस उमेश सालवी (जिसने इनको सजा दी थी) का कहना है कि सरकारों को सजा माफ करने का अधिकार है परन्तु इसका प्रयोग बहुत सावधानी से कभी–कभी ही की किया जाना चाहिए । फिर इनकी माफी के बाद उनका स्वागत और जश्न तो पूरी तरह से न्याय व्यवस्था का मजाक उड़ाना है । असल में भाजपा पूरे देश में कमल खिलाना चाहती है । गोवा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि के बाद दिल्ली में यह प्रयोग असफल हो गया । बिहार में उल्टा पड़ गया । आखिर सत्ता सुख के लिए क्या बलात्कारियों का स्वागत होगा इस देश में ?

## ताइवान प्रकरण : द. एशिया में बढ़ेगा भारत का प्रभुत्व

**दोनों देशों के बीच भले ही कोई औपचारिक राजनियक संबंध नहीं है, लेकिन 1995 के बाद से नई दिल्ली और ताइपे में प्रतिनिधि कार्यालय की स्थापना की गई है। भारत हमेशा से दो देशों की लड़ाई या तनाव में सीधे दखल देने से बचता रहा है। हालिया रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका सबसे ताजा उदाहरण है। पेलोसी के दौरे के बीच जब तनाव की स्थिति बनी तो भारत ने पुनरू इस पर कोई ...**

किरण लाम्बा

अमेरिकी हाउस की स्पीकर नैंसी पेलोसी जब पिछले दिनों ताइवान पहुंचीं तो दुनिया भर की निगाहें यहां टिक गई। पिछले ढाई दशकों में यह पहला मौका था जब अमेरिका का कोई इतना बड़ा नेता ताइवान पहुंचा था। हालांकि अमेरिका ने जब स्पीकर नैंसी की यात्रा का ऐलान किया तो चीन आगबबूला हो गया था और इस यात्रा को बेहद खतरनाक करार दिया था और परिणाम भुगतने तक की धमकी दे डाली थी। एक मौका ऐसा भी आया जब लगा कि पेलोसी ताइवान नहीं जाएंगी, लेकिन चेतावनी और धमकियों के बावजूद वो ताइवान पहुंचीं। चीन ने अपने फाइटर जेट रवाना कर दिए। ऐसा लगा कि रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच एक नया मोर्चा खुल गया है। अमेरिका और चीन सीधे आमने–सामने आ सकते हैं। बहरहाल, दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बरकरार है।

एक तरफ अमेरिका खुद को दुनिया की महाशक्ति तो कहता ही है, दूसरी तरफ चीन खुद इस स्थान को हासिल करने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ता है। खासकर दक्षिण एशिया में तो चीन खुद को दादा साबित



करने के तमाम प्रयास करता दिखाई देता है। भारत के अलावा दक्षिण एशिया के तमाम ऐसे देश, जो भौगोलिक, जनसंख्या और आर्थिक दृष्टि से बहुत छोटे हैं, चीन इनको सामरिक और कूटनीतिक तौर पर साथ मिलाकर भारत को घेरने के प्रयास में लगा रहता है। चीन और ताइवान के विवाद की पृष्ठभूमि को थोड़ा समझ लेते है। दोनों देशों के बीच पुराने संबंध रहे हैं, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ताइवान ने अपना रास्ता बिल्कुल अलग कर लिया है।

ताइवान मूलतरू एक आईलैंड है जो चीन के दक्षिण पूर्वी तट से करीब 100 मील की दूरी पर है। ताइवान खुद को स्वतंत्र देश मानता है, यहां एक चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार है, अपना संविधान है और अपने नियम–कायदे हैं, जबकि चीन लगातार कहता रहा है कि ताइवान उसका एक प्रांत है। चीन की शी जिनिपंग सरकार खासकर बेहद आक्रामक तरीके से ताइवान के एकीकरण की दिशा में पिछले कुछ सालों से प्रयास कर रही है और इस कवायद के बीच दोनों देशों का तनाव लगातार बढ़ता गया है। चीन श्वन चाइना पॉलिसीय फॉलो करता है और दावा करता है कि ताइवान भी इसी पॉलिसी का हिस्सा है। यही नहीं, वन चाइना पॉलिसी में वह हांगकांग और मकाऊ को भी गिनता रहा है। अब यहां अमेरिका की भूमिका को समझ लेते हैं। ताइवान को लेकर अमेरिका की भूमिका बेहद संदिग्ध रही है। एक तरफ वह आधिकारिक तौर पर चीन की श्वन चाइना पॉलिसीय को भी मानता है, तो दूसरी तरफ खुद श्ताइवान रिलेशंस एक्ट 1979य के तहत ताइवान को भी संरक्षण देता रहा है और कहता रहा है कि जब भी ताइवान को खुद को डिफेंड करने की जरूरत पड़ेगी, हर तरीके की और हरसंभव मदद देगा। ताइवान, अमेरिका के लिए आर्थिक और रणनीतिक दोनों तरीके से महत्त्वपूर्ण है। एक तरफ अमेरिका, ताइवान में हथियारों का सबसे बड़ा सप्लायर है। दूसरी तरफ अमेरिका को लगता है कि अगर चीन ताइवान पर कब्जा कर लेगा तो पश्चिमी प्रशांत महासागर में उसका दबदबा बढ़ेगा। इससे ग्वाम और हवाई आइलैंड पर मौजूद अमेरिकी सैनिक ठिकानों पर एक तरीके से खतरा आ सकता है। अमेरिका की ही तरह भारत भी 50 के दशक से ही श्वन चाइना पॉलिसीय को मानता आ रहा है, लेकिन बीते एक दशक से इसका जिक्र करना छोड़ दिया है। इसकी दो वजहें है। पहला चीन जिस तरीके से पिछले कुछ वर्षो में दक्षिण एशिया में अपनी बादशाहत कायम करने और जबरन आधिपत्य जमाने का प्रयास करता रहा है, उससे भारत ने उसके मंसूबे भांप लिये हैं। दूसरा उदाहरण हाल ही का है। चीन ने एक तरीके से भारत को चिढ़ाने के लिए श्चाइना पाक इकोनामिक कॉरिडोरय में पीओके को शामिल किया। यह सीधे–सीधे भारत की संप्रभुता में दखल देने और चुनौती देने जैसा था। चीन की इन्हीं चाल और चुनौतियों को नाकाम करने के लिए भारत पिछले कुछ सालों से एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत कूटनीतिक मोर्चे पर बेहद संजीदगी से काम कर रहा है। इसमें ताइवान भी शामिल है। एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत ही भारत ने ताइवान के साथ व्यापार और निवेश के अलावा विज्ञान–प्रौद्योगिकी और इन्वायरमेंट जैसे क्षेत्रों में काफी काम किया है। दोनों देशों के बीच भले ही कोई औपचारिक राजनियक संबंध नहीं है, लेकिन 1995 के बाद से नई दिल्ली और ताइपे में प्रतिनिधि कार्यालय की स्थापना की गई है। भारत हमेशा से दो देशों की लड़ाई या तनाव में सीधे दखल देने से बचता रहा है। हालिया रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका सबसे ताजा उदाहरण है। पेलोसी के दौरे के बीच जब तनाव की स्थिति बनी तो भारत ने पुनरू इस पर कोई बयान नहीं दिया, लेकिन रूस और यूक्रेन से इतर चीन–ताइवान का मसला भारत के अलग है। यदि ताइवान के मसले पर अमेरिका और चीन आमने सामने आ जाते हैं तो यह लड़ाई बिल्कुल पड़ोस की होगी। इंडो पैसिफिक रीजन में भारत अमेरिका की चीन को काउंटर करने की नीतियों का समर्थन करता है। ऐसे में अगर टकराव हुआ तो इससे इंडो पैसिफिक रीजन में खतरा बढ़ेगा, जिससे सीधे तौर पर भारत भी प्रभावित होगा। हालांकि इससे दक्षिण एशिया में भारत के लिए नये मौके भी बन सकते हैं।




# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सीतापुर की बैठक का आयोजन

सीतापुर। भारत सरकार गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देश के अनुक्रम में इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सीतापुर की बैठक का आयोजन 30 अगस्त को अपराहन 3.30 बजे से किया गया। बैठक की अध्यक्षता इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर के अंचल प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक विनीत बाजपेई ने की। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रमुख पवन कुमार, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके चौधरी, नेशनल इंश्योरेंस के प्रमुख केएस बाजपेई सहित भारत सरकार के कार्यालय बैंक बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। समिति के बैठक के दौरान 1 सितंबर से 30 सितंबर तक हिंदी माह एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया। साथ ही नैमिष दर्शन नामक पत्रिका भी समिति के तत्वधान से प्रकाशित किए जाने का प्रस्ताव भी पास हुआ। अपने अध्यक्षीय संबोधन में विनीत बाजपेई ने कहा कि हिंदी मातृ राजभाषा न रहे बल्कि इसे देश की राष्ट्रभाषा का गौरवमई पद भी मिलना चाहिए। हिंदी भाषा का प्रयोग करते समय हमें हीन भावना से ग्रसित नहीं होना चाहिए बल्कि अपने आपको गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। भाषा विचार विनिमय का माध्यम है एवं जिस भाषा में संप्रेषण पूरा हो सके हमें उसी का प्रयोग करना चाहिए। भाषा हमारी संस्कृति और संस्कार का परिचय भी होती है। पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रमुख ने मातृभाषा के प्रयोग पर जोर दिया और कहा कि अपनी भाषा में ही अपने विचारों की सहज अभिव्यक्ति हो सकती है। इस बैठक के दौरान अंचल कार्यालय इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर की गृह पत्रिका इंड नैमिष के चतुर्थ अंक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन अमित कुमार पांडे मुख्य प्रबंधक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अंजनी कुमार पांडे वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा एवं सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समित सीतापुर द्वारा किया गया।

# किसानों ने निराश्रित गोवंशों को सड़क पर बांधकर सड़क की जाम

रेउसा (सीतापुर) । करीब 11 बजे रेउसा बिसवां मार्ग को तीन गांव के किसानों ने रस्सी बांधकर सड़क पर ही निराश्रित गोवंश को बांधकर सड़क जामकर धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों की फसलों को चौपट कर रहे निराश्रित गोवंश की समस्या को लेकर आधा सैकड़ा मूरतपुर हसनगंज बरा गांव के महिलाएं एवं ग्रामीण अपने अपने खेतों की रखवाली दिन.रात कर रहे फिर भी निराश्रित गोवंश फसलों को चौपट कर किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं अपनी समस्याओं को लेकर रेउसा विश्वा मार्ग रस्सी बांधकर निराश्रित गोवंश को सड़क पर बांधकर मुख्य संपर्क मार्ग बंद कर दिया गया ।जिसके चलते सैकड़ों गाडियों की जाम लग गई।

रेउसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 108 एंबुलेंस में रिफर मरीज जिला अस्पताल ले जा रही थी करीब डेढ़ घंटे तक जाम में फंसी रही वहीं श्री रघुनाथ जी की बस बच्चों से भरी जाम में फंसी रही मुख्य संपर्क मार्ग अवरुद्ध की जानकारी रेउसा पुलिस थाना थानगांव पुलिस मौके पर पहुंचकर किसानों से वार्तालाप करें। मार्ग खोलने का निवेदन लेकिन किसानों द्वारा नहीं खोला गया। पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस बच्चों की स्कूली बस जान से बाहर कराया गया। पुलिस द्वारा सड़क जाम की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। मूरतपुर, हसनगंज, बरा गांव के मनीष दीक्षित, आशीष, सोनू, कैलाश मौर्य, विनीत, सुशील, राजेंद्र, रामदेवी, सुनीता, मीरा, छोटू सहित आधा सैकड़ महिला एवं ग्रामीण निराश्रित गोवंश को अपने अपने खेतों से रस्सी में बांधकर मूरतपुर गांव पहुंचे। जहां रेउसा विश्वा मार्ग पर सड़क के दोनों और बांस गाड़ कर रस्सी बांधकर निराश्रित गोवंश बांधकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा आरोप लगाया जा रहा था कि विकासखंड में अलग.अलग गांव में गौशाला बनी हुई है। जहां गोवंश को ले जाया जाता है। वहां के कर्मचारियों द्वारा पहले पांच सौ रुपये उनको दे तब गौशाला में गोवंश को रखेंगे। ऐसा कहा जाता है हम किसान दिन रात खेतों की रखवाली करने में गुजर जाता है और हम किसान रुपये कहां से लाएं। जाम की जानकारी पाकर एसडीएम पीएल मौर्य व सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय मौके पर पहुंचकर किसानों से वार्तालाप किया। तब भी किसान मानने को तैयार नहीं थे पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों पर मुकदमा लिखने जैसी अनेक धमकियां देकर डराया धमकाया गया। किसानों द्वारा जाम को तुरंत खोल दिया गया और धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया।

# खाली जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में गैंगवार, आधा दर्जन लहूलुहान

पहला (सीतापुर)। थाना अन्तर्गत जहांगीराबाद कस्बे में घर के सामने पड़ी खाली जमीन में एक पक्ष द्वारा जबरदस्ती बाउण्ड्री वाल बनाये जाने को लेकर दूसरे पक्ष के विरोध करने पर कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। जिससे फैसले में आयी ग्राम प्रधान सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये। मारपीट के समय भगदड़ मच गयी। सदरपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई लेकिन काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक गांव में अफरातफरी का माहौल रहा। थाने में दोनों ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार सदरपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद कस्बे में अब्दुल वली पुत्र इलियास के घर के सामने काफी समय से खाली जगह पड़ी है। जिसमें होकर वली के परिवार सहित आसपास रहने वाले लोग निकलते थे। इसी के सामने एक पुराना कुआं था जो अब पट चुका है। काफी समय पहले इसी कुएं के किनारे होकर नाली निकली थी। जिसमें वली के घर के सामने रहने वाले शरीफ , कल्लू व याकूब की नाली का पानी निकलता था। जिसके सम्बन्ध में ग्राम प्रधान साजिदा खातून व उनके पति मुनीर अहमद अंसारी मौके पर गये हुये थे तथा दोनों पक्षों को सुलह समझौते के माध्यम से समझने व कुएं की जगत के किनारे नाली बनवाने की बात कर रहे थे। इसी बीच आपस में विवाद बढने पर दोनों पक्षों में लाठी डंडों व ईंटों गुम्मों से मारपीट शुरू हो गई। जिससे एक ईंटा ग्राम प्रधान साजिदा खातून के सीने में जा लगा और वह बेहोश हो गिर पड़ीं। उनके कमर में भी चोट लगी। मारपीट इतनी भयंकर तरीके से हो रही थी कि महाभारत का युद्ध भी उसके आगे फीका लग रहा था। इतने में विवाद और बढ़ गया जिससे दोनों पक्षों से दानिश, हंजना, इलियास व इकरामुद्दीन, जमालुद्दीन और विनय सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। 112 डायल पुलिस को सूचना दी गई लेकिन काफी देर तक फोन ही नहीं उठा तब सदरपुर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के काफी देर बाद सदरपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा आधा दर्जन राजगीरों व दर्जनों मजदूरों के साथ जबरदस्ती बनायी जा रही बाउंड्रीवाल वाल का निर्माण रुकवा कर घायलों को सदरपुर थाना ले गये। दोनों पक्षों के लोगों ने थाने पहुंच कर प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने दोनों ओर से मुकदमा पंजीकृत कर छरू घायलों को इलाज के लिये बिसवां सीएचसी रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बाउंड्रीवाल बनाये जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद था। जिसके सम्बन्ध में . शाम मौके पर गया था तथा लेखपाल व प्रधान के मध्य नापजोख व आपसी सुलह के माध्यम से विवाद सुलझाने को कहा था। आज फिर से बाउंड्रीवाल बनाते समय आपस में मारपीट हुयी है। दोनों ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। घायलों को बहुत गम्भीर चोटें नहीं हैं। घायलों को मेडिकल के लिये बिसवां सीएचसी भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर धारायें निश्चित की जायेंगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट का वायरल वीडियो से उपद्रवियों की पहचान करायी जा रही है। जल्द ही और गिरफ्तारियां होंगी। ऐतिहात के तौर पर गांव में पुलिस बल मौजूद है।

# आरटीओ प्रशासन द्वारा चलाया जागरुकता अभियान

बिसवां नगर (सीतापुर)। बिसवां क्षेत्र में बकाया टैक्स जमा न करने वाले वाहनों चालकों के प्रति एआरटीओ व एसडीएम की संयुक्त अगुवाई में बिसवां के बड़े चौराहे पर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सड़कों पर फर्राटा मारकर दौडने वाले वाहनों के टैक्स न जमा होने पर वाहनों को पकड़कर तहसील परिसर में एआरटीओ द्वारा लगाए गये कैम्प में भेजवाया गया। जहां उनका बकाया कर जमा कराया गया। एआरटीओ माला बाजपेयी ने बताया कि शासन द्वारा चलाये जा रहे एक मुश्त समाधान योजना के तहत बकाया कर वसूली को लेकर यह अभियान कैम्प के माध्यम से चलाया जा रहा है। जिसके तहत ऑटो, ई–रिक्शा, पिकअप ट्रक तथा अन्य वाहनों को रोककर उनका ऑनलाइन टेस्ट भी किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी पीएल मौर्या, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप, प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# गजानन सेवा समिति वंशी नगर में होने वाले गणेश उत्सव की शुरुआत

हरदोई ।गजानन सेवा समिति वंशी नगर में होने वाले गणेश उत्सव की शुरुआत आज शोभा यात्रा व मूर्ति स्थापना से हो गई। मूर्ति स्थापना से पहले छोटे चौराहा से समिति सदस्यों द्वारा पूजन अर्चन के उपरांत शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें ब्रह्मा कुमारीज नैमिष से आए बटुक तथा कलश धारण किए हुए अन्य महिलाएं शामिल हुई। यात्रा छोटे चौराहे से शुरू होकर बड़ा चौराहा से सिनेमा रोड होते हुए वंशी नगर मैदान में समाप्त हुई, जहां पर मूर्ति को नियत स्थान पर स्थापित किया गया। अपराह्न नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो तीन वर्गों प्राइमरी , जूनियर,सीनियर में आयोजित हुई प्राइमरी वर्ग में आद्या बाजपेई, आद्या खरे, आराध्या सिंह, ईशा जायसवाल, समृद्धि श्रीवास्तव ,यशी ,श्रेयांश, सौम्या श्रीवास्तव, परी, पूर्णिमा सिंह सहित दो दर्जन बच्चों ने भाग लिया। वही जूनियर वर्ग में अंशिका दीक्षित, शिवेंद्र सिंह ,आराध्या दुबे, परी तिवारी, वैष्णवी गुप्ता, ऐश्वर्या कश्यप,शगुन सिंह, तेजस्वी सिंह सहित अन्य बच्चे शामिल रहे तथा सीनियर वर्ग में कपिल वर्मा, प्रियम शर्मा, नंदिनी शर्मा, प्रियंका मिश्रा, अंकिता मिश्रा,दिव्या दीक्षित सहित अन्य बच्चों ने प्रस्तुति दी।ग्रुप डांस में महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों ने एमएम डांस ग्रुप, बॉलीवुड डांस एकेडमी, डी एस डांस एकेडमी, टी एन किड्स स्कूल के बच्चो ने अपनी प्रस्तुति दी। शाम की आरती में सवायजपुर विधायक माधवेंद्र सिंह ष्रानूष आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती वर्मा व पीके वर्मा शामिल रहे।

शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, संयोजक अविनाश मिश्रा, संजीव रस्तोगी, अनुज महिंद्रा, प्रवीण अवस्थी, प्रभाकर पाठक, दीपक त्रिवेदी, अनुपम पांडे, ओम प्रकाश मिश्रा ष्राजूष, राजमोहन पांडे, सुमित अग्रवाल, पंकज चतुर्वेदी, जेके सेठ, अनिल तिवारी, मुरारीलाल पाठक, नीरज शुक्ला ,निखिल कांत श्रीवास्तव, सोनू मिश्रा, राजेश गुप्ता, राजे, मोहित कपूर ,विपिन चंद्र पिंकू, पवन दीक्षित, अंशु द्विवेदी, शैलेंद्र अवस्थी, आनंद अवस्थी, सागर गुप्ता, गौरव मिश्रा, दीपक कपूर ,सॉरी चतुर्वेदी, प्रखर रस्तोगी, आलोकिता श्रीवास्तव, कपीश चतुर्वेदी, विनायक शुक्ला,केके अवस्थी, अशोक सिंह लालू ,नवल किशोर द्विवेदी, कुलदीप द्विवेदी, प्रशांत सिंह ज्ञानू ,सौरव सिंह गब्बू, राजेश श्रीवास्तव राजू सहित बड़ी संख्या में लोग शोभा यात्रा में शामिल रहे।

# सट्टा किंग मामा पुलिस के लिए हुआ ग्रेट किंग,नहीं पकड़ पा रही पुलिस

## पुलिस ने कहा,कोई नही बक्शा जायेगा,जल्द होगी गिरफ्तारी

हरदोई ।सट्टा किंग कौशल गुप्ता उर्फ मामा और उसके गुर्गे पुलिस के इकबाल को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं ।शहर में सट्टा किंग की सरपरस्ती में सट्टे और जुएं का कारोबार खुलेआम फल फूल रहा है ।चार दिन पूर्व आलाधिकारियों के आदेश पर स्थानीय रेलवेगंज पुलिस ने कुछ सट्टेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की थी और 4 सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया था लेकिन पुलिस की यह कार्रवाई महज खानापूर्ति साबित हुई ।नतीजतन शहर में 4 दिन जुए का कारोबार बंद रहा लेकिन फिर से सट्टे का बाजार सज गया और खुले आम जुए का कारोबार शुरू हो गया ।ऐसे में पुलिस की सक्रियता और ईमानदारी पर लोगों ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं ।स्थानीय लोग सट्टा और जुएं के अवैध कारोबार के सिंडिकेट को खत्म करने की मांग कर रहे हैं ताकि युवा बेहतर रास्ता अख्तियार कर अच्छे इंसान बने और गरीबों के परिवार न बर्बाद हो।

मालूम हो कि समाचार पत्र और टीवी चौनलों पर शहर में अवैध सट्टे के कारोबार की खबरें प्रकाशित हुई थीं, जिसके बाद स्थानीय रेलवेगंज इलाके की पुलिस ने गिप्शनगंज मोहल्ले से 4 युवाओं ममतेज,शिवा,

अमित और राजन को गिरफ्तार कर 13 जी के अंतर्गत चालान किया था और थाने से ही आधे घण्टे में लिखा पढ़ी और फोटोसेशन के बाद जमानत दे दी थी ।कहा जा रहा है कि अफसरों के दबाव में स्थानीय पुलिस की यह कार्रवाई महज खानापूर्ति थी ।कार्रवाई तो महज दिखावा थी बल्कि असल हकीकत तो शहर के सट्टा किंग कौशल मामा और उसके गुर्गे मोनू पाल,डंकली,टुनटुन और राजू को बचाना था ।लिहाजा पुलिस की कार्रवाई से सट्टा सरगना और उसके गैंग ने 4 दिनों के लिए सट्टे का कारोबार बंद कर दिया था लेकिन एक बार फिर से शहर में जिंदपीर चौराहा,

गिब्सनगंज,अरुणा पार्क के निकट,नईबस्ती,डाक बंगला के पास, झबरापुरवा, आजादनगर, धर्मशाला रोड सहित तमाम जगहों पर अवैध पर्ची,मटका सट्टा का कारोबार धड़ल्ले से खुलेआम चालू हो गया ।यही नहीं, मंडी और राजेपुर में तो मामा की सरपरस्ती में जुए का कारोबार भी पुनः शुरू हो गया ।यहां भोले भाले नौजवानों को प्रलोभन देकर उन्हें अपना शिकार बनाया जाता है और फिर यह युवा बर्बादी के रास्ते पर चलकर नशा और गलत कार्यों में संलिप्त हो जाते हैं ।जुएं और सट्टे में हारकर,नाबालिग बच्चे,युवा बेरोजगार और दिहाड़ी मजदूर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं,जिसका अंजाम युवा पीढ़ी और गरीबों के परिवार को भुगतना पड़ता है लेकिन सट्टेबाज माफिया को इससे कोई सरोकार नहीं। हद तो इस बात की है कि जिम्मेदार पुलिस भी महज दिखावे की कार्रवाई करती है जबकि असली सट्टे माफिया और उसके गुर्गों को मानो जैसे उसने अभयदान दे रखा हो ।फिलहाल पुलिस की हालिया कार्रवाई और सट्टा किंग व उसके गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई न करना यही प्रदर्शित करता है।

सूत्र बताते हैं कि मामा और उसके गुर्गे पुलिस के डर से कहीं भागे नहीं थे बल्कि कुछ दिनों के लिए सुनियोजित तरीके से भूमिगत हो गए थे और शहर में अवैध सट्टे का कारोबार बंद कर दिया था ।शहर से सटे सांडी रोड स्थित राजेपुर गांव में सट्टा किंग कौशल मामा और उसके साथियों ने अपना आशियाना बना लिया था जहां खेत में मामा के संरक्षण में जुआ खेला जाता है ।लेकिन जैसे ही कुछ दिनों का समय बीता मामा अपने गुर्गों मोनू पाल,डंकली,टुनटुन और राजू के साथ फिर से धंधे में लग गया और शुरू करा दिया, शहर में खुलेआम अवैध सट्टे का कारोबार ।लोगों का कहना है कि डीजीपी की मित्र पुलिस अगर चाह ले तो शहर में अपराधियों की मजाल नहीं कि वह अपराध कर सकें लेकिन हरदोई शहर में जुएं और सट्टे के खुलेआम अवैध काले कारोबार और अपराधियों पर कार्रवाई न होने से स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवालिया उठना लाजिमी है ।ऐसे में लोग जानना चाहते हैं कि स्थानीय पुलिस ने कौशल मामा और उसे गुर्गों के खिलाफ अभी तक क्या कार्रवाई की और शहर में अवैध सट्टे और जुए का कारोबार फिर से कैसे शुरू हो गया ।फिलहाल यह सवाल लोगों के लिए एक पहेली है और इसका जवाब स्थानीय पुलिस ही दे सकती है ।लोगों का तो यहां तक कहना है कि मजबूत जोड़ है टूटेगा नहीं।

हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि मामला अब पुलिस के बड़े अफसरों तक पहुंच चुका है लिहाजा अब मामा और उसके गुर्गों पर कार्रवाई तय है ।पुलिस ने कार्रवाई के लिए जाल बिछाना भी शुरू कर दिया है बस कुछ दिन का इंतजार है।

# गन्ने के खेत में पड़ा मिला मासूम नवजात शिशु

सिधौली (सीतापुर)। संदना थाना के खाले गढ़ी व गणेशपुर गांव के बीच स्थित एक गन्ने के खेत में मिले एक नवजात शिशु को लेकर संदना थाना पुलिस सीएचसी सिधौली लेकर आई। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं एक दम्पत्ति ने शिशु को गोद लेने की इच्छा जाहिर की है। उक्त गांव स्थित एक गन्ने के खेत में शौच के लिए निकलने वाले ग्रामीणों ने एक नवजात को पड़े देखा। खबर जंगल में आग की तरह फैल गयी। सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस ने पहुंच कर शिशु को लेकर सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। जहां पर प्राथमिक इलाज के उपरांत उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं गणेशपुर गांव निवासी गांव निवासी एक दंपति सर्वेश पुत्र मैकू व उनकी पत्नी प्रतिमा देवी ने बच्चे को गोद लेने की इच्छा व्यक्त की। जिस पर उन्हें कागजी कार्रवाई के लिए जिले के ऑफिस भेज दिया गया है।

# प्रभारी बीडीओ की अध्यक्षता में हुआ कार्यशाला का आयोजन

पहला (सीतापुर)। सामाजिक संस्था पेस लखनऊ व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बेंगलुरु के सहयोग से विकासखंड पहला अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण परियोजना के 2 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लॉक सभागार पहला में प्रभारी खंड विकास अधिकारी राजकुमार की अध्यक्षता में विभिन्न हित भागियों के साथ अनुभव आदान.प्रदान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन कर रही पेस संस्था की क्वार्डिनेटर वीना पांडे ने ब्लॉक क्षेत्र की चयनित 30 ग्राम पंचायतों में संस्था द्वारा किए गए कार्यों एवं शासन की योजनाओं में सहयोग का विवरण बताया तथा कार्यशाला में मौजूद लोगों से उनके अनुभव प्राप्त किए। कार्यशाला में प्रधान सचिव पंचायत सहायक एवं मीडिया के लोगों के अनुभवी चुने गए। संस्था के निदेशक टेंशन ने लोगों का आभार प्रकट करते हुए जानकारी साझा की कार्यशाला में प्रमुख रूप से अजीम प्रेमजी संस्था फाउंडेशन की मॉनिटरिंग अधिकारी आकृति गुप्ता ने लोगों द्वारा कार्यशाला में बताए गए अनुभवों को सुना। इस दौरान पेस संस्था की सचिव राजविंदर कौर तथा हरिओम, शैलेंद्र देवी लता देवी भी मौजूद रही।

# सपा सरकार में होने वाली भर्तियों में सैफई पहुचे थे सूटकेस

## स्वागत सम्मान समारोह में पहुंचे खेल मंत्री ने सपा सरकार पर जमकर साधा निशाना

हरदोई ।कटियारी क्षेत्र के खसौरा गांव में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य खेल मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद विधायक के स्वागत सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम में पहुंचे खेल मंत्री ने सपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कटियारी क्षेत्र के खसौरा गांव में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य अतिथि राज्य खेल मंत्री गिरीश चंद यादव,भाजपा वैचारिक विचारधारा का संगठन है। कार्यक्रम के आयोजक नरदेव यादव ने मुख्य अतिथि वरिष्ठ अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहा था कि अंतिम पायदान तक के व्यक्ति का उत्थान जब तक नहीं होगा तब तक देश का विकास संभव नहीं होगा। जनसंघ काल से ही हम उसी बिंदु पर कार्य कर रहे हैं। कुछ लोग भाजपा पर अल्पसंख्यक यादव दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हैं अगर देखा जाए तो सबसे पहले आजमगढ़ के रहने वाले हैं जनसंघ से जुड़े राम सिंह यादव को उत्तर प्रदेश सरकार का मुख्यमंत्री बनाया जो कि प्रदेश में पहली बार यादव समाज का 1977 में जनसंघ के द्वारा मुख्यमंत्री बनाया गया था। देश के सर्वोच्च पद पर भाजपा ने रामनाथ कोविंद को पद पर बिठाया। अटल बिहारी बाजपेई,अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति के नाम आगे किया। सपा से पूछना चाहता हूं कि जब केंद्र में जब आप ने समर्थन दिया था तब कितने आदमी को सम्मान मिला था जबकि आज के दौर में केंद्र सरकार में 4 यादव मंत्री हैं यह सिर्फ अपने लिए राजनीति करते हैं बाकी किसी से कोई लेना देना नहीं है, अगर अखिलेश यादव में दम है तो वह हरदोई जिले के किसी एक यादव को अखिलेश यादव मुख्यमंत्री का नाम घोषित कर दे तो मैं भी उनके साथ चला जाऊंगा। सपा सरकार में अगर राष्ट्रीय अध्यक्ष होगा तो उनके परिवार का मुख्यमंत्री होगा तो उनके परिवार का अगर पार्टी में कोई ऊंचा पद होगा तो उनके परिवार का ही होगा लेकिन भाजपा सरकार छोटा कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री बन सकता है। सपा सरकार में नौकरिया निकलते सैफई में सूटकेस नौकरी दिलाने के लिए लिए जाते थे लेकिन भाजपा सरकार ने बिना पैसा के ही युवाओं को नौकरी मिल रही है। सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार में सबका साथ और सबका विकास है हर छोटे कार्यकर्ता का भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। क्षेत्रीय विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो हमारे आस्थाओं के प्रतीक थे उनका भी सम्मान कराना जानती है। गौ रक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रही है विपक्षियों ने जो बुलडोजर बाबा नाम दिया है उनका बुलडोजर दोस्तों और अपराधियों का नाश करने के लिए हमेशा तैयार रहता है भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला देश बना है हम लोग ममता और क्षमता के साथ समाज को जोड़ने का काम करते हैं, जो गौ रक्षा और धर्म की रक्षा के लिए आगे रहा। इस मौके पर भारतीय अन्नदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक पार्टी नहीं बल्कि एक विचारधारा है।

राष्ट्रीय समाज रहेगा तो हम सभी लोग रहेंगे। भाजपा में जुड़ी है राष्ट्र सेवा पर यह दुनिया के सबसे बड़ा संगठन भाजपा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष खुशीराम यादव, राजपाल यादव, संतोष यादव, सर्वेश यादव प्रधान संघ अध्यक्ष पति मिथिलेश सिंह भूरा, अभिराम सिंह आशीष पांडे मौजूद रहे।

## रुद्रपुर में नहीं कायम होने देंगे सपा का जंगल राज

रुद्रपुर। न्यायालय के आदेश पर रुद्रपुर के विधायक जयप्रकाश निषाद के बेटे विश्वविजय निषाद पर लूट, हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज होने के बाद उन्होंने सपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रेसवार्ता के दौरान विश्वविजय निषाद ने कहा कि रुद्रपुर में सपा का जंगल राज नहीं कायम होने दिया जाएगा। उन्होंने अपने ऊपर दर्ज मुकदमे को फर्जी करार दिया। कहा कि पूर्व मंत्री के बेटे प्रवीण ने न्यायालय को गुमराह कर यह आदेश पारित कराया है। इसकी जांच में पुलिस का पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने पूर्व मंत्री के बेटे पर लक्ष्मीपुर की एक गरीब महिला गेना देवी की कीमती जमीन हड़पने का आरोप लगाया। कहा कि गेना देवी को अगवा कर उनकी बहन के हिस्से की जमीन भी उनसे जबरन बैनामा करा ली गई। इस मामले की जांच के बाद पुलिस ने पूर्व मंत्री रामभुआल के पुत्र प्रवीण सहित चार लोगों पर केस दर्ज किया है। इस केस से बचने के लिए जानबूझ कर इस मामले में उनका नाम घसीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह पूरे मामले की न्यायायिक जांच कराएंगे। उनके ऊपर लगा लूट और छिनैती के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। पूर्व मंत्री या उनके पुत्र से उनकी कभी भी कोई बात नहीं हुई है। यह लोग राजनैतिक प्रतिद्वंदी है। सुर्खिया बटोरने के लिए मेरा और मेरे परिवार का नाम घसीट रहे हैं। उन्होंने फर्जी मुकदमे की गहनता से जांच कराकर न्यायालय को गुमराह कर जमीन हड़पने की साजिश में लगे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

## गेस्ट हाउस में कोल्डड्रिंक पिलाकर युवक से कुकर्म

महराजगंज। शहर के एक गेस्ट हाउस में कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवक से कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने बताया है कि वह एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। दुकान के मालिक ने 28 अगस्त की शाम आठ बजे डीलर से मिलने की बात कहते हुए बाइक से महराजगंज शहर लाया। यहां एक गेस्ट हाउस में दोनों रुक गए। इसके बाद मालिक ने भूख लगने की बात कहते हुए कोल्डड्रिंक मंगाई। कोल्डड्रिंक पीने के कुछ देर बाद युवक नशे में बेहोश हो गया। मालिक ने इसका फायदा उठाते हुए उससे कुकर्म किया। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## नशीली दवा कारोबार के आरोपी की 40 लाख की संपत्ति कुर्क

ठूठीबारी। अवैध नशीली दवाओं के कारोबार के आरोपी गोविंद गुप्ता की संपति कुर्क की गई। भगवानपुर गांव के रहने वाले गोविंद के खिलाफ नशीली दवा बिक्री के आरोप में कार्रवाई हुई थी। गत 4 अगस्त 2021 को जमुई कला गांव से मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर नशीली दवा बरामद की गई थी। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 6 अरब 86 करोड़ आकलन किया गया था। आरोपी की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी नौतनवां सुनील दत्त दुबे ने बताया कि भगवानपुर निवासी गोविंद की लगभग 40 लाख रुपये की संपत्ति को कुर्क किया गया है। तहसीलदार निचलौल को उक्त संपत्ति की देखरेख के लिए रिसीवर नियुक्त किया गया। एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा ने बताया कि ड्रग्स माफिया गोविंद गुप्ता द्वारा अपराध करके अवैध रूप से अर्जित की गई लगभग 26 लाख रुपये की जमीन व वाहन ( जिसकी कीमत लगभग 14 लाख) को जब्त किया गया है।

## सड़क हादसे में घायल युवा नेता की इलाज के दौरान मौत

महराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के कांध निवासी युवा नेता अतुल सिंह सुबह पकड़ी चौराहे पर बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अतुल सिंह (25) बाइक चलाने के दौरान अनियंत्रित होकर गिरने से घायल हुए थे। सिर में गंभीर चोट लगी थी। उन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अतुल के पिता मोहन सिंह वन विभाग में रेंजर पद पर कार्यरत हैं। अतुल के बड़े भाई सूरज सिंह एवं छोटे भाई अश्वनी सिंह का रो –रो कर बुरा हाल है। अतुल की पहचान युवा नेताओं में होती थी। वह मिशन मोदी अगेन, पीएम युवा मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद पर थे। अतुल के दोस्त रवि जायसवाल, सूर्या सिंह, नीरज, संदीप, संगम पटेल, राहुल द्विवेदी आदि ने शोक प्रकट कर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की

## धुरियापार चीनी मिल के वाचमैन की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। धुरियापार चीनी मिल के वाच मैन की हत्या में गोला पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। भूपगढ़ के दहियक टोला निवासी राजेन्द्र गौड़ पुत्र गब्बू लाल (55) धुरियापार चीनी मिल में वाच मैन का काम करता है। वह सोमवार की शाम 7:30 बजे ड्यूटी कर सायकिल से घर आ रहा था। शकरदेईया के पास गांव के ही संगम सिंह पुत्र बैजनाथ के सायकिल से उसकी टक्कर हो गई। संगम सिंह की सायकल छतिग्रस्त हो गई। कोतवाल जयनारायण शुक्ल के अनुसार दोनों में विवाद शुरू हो गया। संगम सिंह ने डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। सूचना पर घर वाले उसे पहले सीएचसी कौड़ीराम ले गए वहां से मेडिकल कालेज ले गए। जहां मंगलवार की रात को उसकी मौत हो गई। पुत्री पूनम की तहरीर पर गोला पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है

## जिले में 19 लोग कोरोना संक्रमित मिले

महराजगंज। जिले में इन दिनों कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। 19 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। कोरोना से बचाव के प्रति विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अब तक कुल 15,520 केस सामने आ चुके हैं। 146 की मौत हो चुकी है। 34 केस सक्रिय है। 15,340 लोग कोरोना से जंग जीत चुके हैं। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आईए अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। संवाद जिले में 9,129 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया। महिला अस्पताल के अलावा जिले के अन्य केंद्रों पर टीका लगाया गया। इन दिनों में केंद्रों पर आसानी से टीका लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीना वर्मा ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है।

# भटवलिया चौराहे से गोरखपुर ओवरब्रिज नो वेंडिंग जोन घोषित

देवरिया। शहर में जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने मिल कर खाका तैयार किया है। शहर के दो प्रमुख मार्गों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। राघव नगर, रामलीला मैदान को जाने वाली सड़क को वन वे मार्ग घोषित किया गया है, जबकि दो जगहों पर ठेला लगाने वालों के लिए जगह चिह्नित की गई है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों सिविल लाइंस रोड, मालवीय रोड, को–ऑपरेटिव चौराहा से हनुमान मंदिर (रामलीला मैदान रोड) हनुमान मंदिर से राघव नगर–कचहरी चौराहा (शिव मंदिर) तक तथा जलकल रोड आदि प्रमुख मार्गों पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रमुख व्यापार प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर प्लान बनाया गया है। इसमें सिविल लाइंस रोड पर भटवलिया चौराहा से गोरखपुर ओवरब्रिज तक एवं मालवीय रोड को नो–वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। नो वेंडिंग जोन की व्यवस्था बृहस्पतिवार से लागू होगी। इन मार्गों पर सड़क के किनारे पटरी पर एवं उसके पीछे नाले पर ठेला रेहड़ी व पटरी दुकानदारों की कोई दुकान नहीं लगेगी। सिर्फ वाहनों की पार्किंग मात्र पटरी तक की जा सकती है। इतना ही नही इन मार्गों पर स्थित दुकानों के आगे पोल लगाकर कोई स्थायी शेड नहीं लगाया जाएगा।

ये मार्ग होंगे वन वेः शहर के को–ऑपरेटिव चौराहे से हनुमान मंदिर (रामलीला मैदान रोड) एवं हनुमान मंदिर चौराहे से राघव नगर होते हुए कचहरी चौराहा (शिव मंदिर तक) का मार्ग वन–वे रहेगा। यह व्यवस्था स्थानीय लोगों, दुकानदारों एवं बाहर से आने वाले लोगों सभी के लिए समान रूप से लागू होगी। इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

फुटपाथ के दुकानदारों की वैकल्पिक व्यवस्थाः देवरिया। पटरी एवं रेहड़ी व्यवसायियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर कोतवाली रोड एवं महिला थाने के निकट स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां वे अपना व्यवसाय कर सकते हैं। पर यहां पर सड़क से दूर ही दुकान लगानी होगी।

ई रिक्शा पर शिकंजा कसा जाएगा

देवरिया। एडीएम ने बताया कि शहर में जाम लगने का एक प्रमुख कारण ई–रिक्शा वाहनों का अनियमित संचालन एवं पार्किंग होना भी है। जनपद में लगभग चार हजार ई–रिक्शा वाहन हैं, जिनमें से करीब 1500 वाहन ऐसे हैं, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं हैं। एआरटीओ को चेकिंग अभियान चलाकर कर कार्रवाई करने कहा गया है।

# स्वस्थ रहने के लिए फास्ट फूड खाना बंद करें : चिकित्साधीक्षक

लार। सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. बीवी सिंह ने कहा कि छोटी–छोटी आदतों में सुधार लाकर छात्राएं स्वस्थ रह सकती हैं। साल में जरूर एक बार अपना स्वास्थ्य चेकअप कराएं, जिससे होने वाली बीमारियों का समय रहते समुचित इलाज हो सके। उन्होंने कहा कि 12 से 13 वर्ष की बच्चियों को कुछ समस्या आती है तो उन्हें घबराना नहीं चाहिए। उसके बारे में मां, बहन से बताना चाहिए। सेनेट्री पैड का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही अच्छी डाइट लेनी चाहिए। बेहतर स्वास्थ्य के लिए फास्ट फूड खाना बंद करें।

किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधित समस्या होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां निशुल्क इलाज किया जाता है। छात्राओं से कहा कि अगर आप के पास–पड़ोस में कहीं भी टेढ़े पैर, कटे होंठ व हर्ट की बीमारी से ग्रसित बच्चे दिखें तो उन्हें आरबीएसके की टीम से मिलने की सलाह दें। उनका निशुल्क उपचार होता है। साथ ही जेई, नवकी बीमारी, मानसिक अवसाद के बारे में बताया।

छात्राओं द्वारा स्वस्थ कैसे रहें के सवाल पूछने पर सभी को टिप्स दिए। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. असलम अली ने बताया कि दांतों को कैसे स्वस्थ रखें, ब्रश कैसे करें, कैविटी लगने पर क्या करें के बारे में सुझाव दिए। यतीश राय ने वैक्सीनेशन को लेकर छात्राओं के मन में बैठीं भ्रांतियों को दूर किया। डॉ. अजमेरी खातून ने छात्राओं के बीच सेनेट्री पैड, आयरन की दवाएं वितरित की। कार्यक्रम के दौरान 300 छात्राएं मौजूद रहीं। इस दौरान प्रबंधक नीतीश राय, रेडक्रॉस सोसाइटी के विशाल गुप्ता, ऋचा राय, पूनम पांडेय, अपूर्वा दुबे, सोनम, श्रेया सिंह, पुष्पांजलि, खुशबू, खुशी, इलिमा आदि मौजूद रहीं।

मेडिकल की तैयारी के दिए टिप्स

कार्यक्रम के दौरान चिकित्साधीक्षक से छात्राओं ने हर पहलुओं पर बेझिझक सवाल पूछे। छात्रों ने कहा कि सर डॉक्टर बनने के लिए कैसे पढ़ाई करें। इस पर उन्होंने कहा कि लक्ष्य साध कर नियमित लगन के साथ पढ़ाई करें, साथ ही लक्ष्य बड़ा रखें।

# 128 स्ट्रीट लाइट का भुगतान लिया, लगाया 68

देवरिया। जनपद में स्ट्रीट लाइटों के लगाने के नाम पर बड़ा खेल किया गया है। नामी कंपनियों का भुगतान लेकर सस्तेदाम की लाइटों को लगाया गया है। यहां तक कि जितना भुगतान लिया गया है, उससे कम लाइटें लगी हैं। डीएम की सख्ती के बाद गौरी बाजार विकास खंड की धनौती ग्राम पंचायत की जांच में खेल उजागर होने पर ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव गबन एवं धन के दुरुपयोग का मामला दर्ज हुआ है।

ग्राम पंचायत के एक शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर ग्राम पंचायत धनौती में बिना कार्य कराए भुगतान करने एवं कुछ निर्माण कार्यों में घटिया गुणवत्ता की शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने प्रकरण की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में गबन एवं शासकीय धन के दुरुपयोग की पुष्टि की है।

रिपोर्ट में बताया कि ग्राम प्रधान जलालुद्दीन एवं ग्राम पंचायत सचिव चंदन कुमार द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के मुताबिक ग्राम पंचायत में 128 स्ट्रीट लाइट के कार्य का भुगतान किया गया, जबकि मौके पर जांच में 68 स्ट्रीट लाइट ही मिलीं। साठ स्ट्रीट लाइट के पैसे का गबन करने की पुष्टि हुई है।

इसके अतिरिक्त पंचायत भवन के उपकरणों के क्रय में आलमारी, सोलर पैनल इन्वर्टर, पंखा, सीसीटीवी कैमरे आदि में भी शासकीय धन के दुरुपयोग की पुष्टि हुई है। कंप्यूटर भी असेंबल्ड खरीदा गया, जिसके लिए प्रधान एवं सचिव सम्मिलित रूप से दोषी हैं।

इस मामले में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अंबिका प्रसाद ने गौरी बाजार थाने में तहरीर देकर बताया कि आरोपी प्रधान एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध के खिलाफ करीब 3.39 लाख रुपये दुरुपयोग की पुष्टि हुई है। इस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए 15 अक्तूबर तक होगा आवेदन

देवरिया। उत्तर प्रदेश के ख्यातिलब्ध महानुभावों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाना है। इसके लिए जनपद के भी लोगों से आवेदन मांगे गए हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संस्कृति निदेशालय उत्तर की ओर से यह सम्मान दिया जाएगा। संगीतध्लोक संगीत (गायन, वादन, नृत्य)ध्ललित कलाएंध्नाट्य विधाएंधफिल्म व मीडिया, समाजसेवा, समाज कल्याण, युवा कल्याण, महिला कल्याण एवं दिव्यांग कल्याण, कृषि, उद्यान, दुग्ध विकास, गोसेवा, पशुपालन, वन एवं वन्यजीव तथा पर्यावरण संरक्षण, उद्यमिता, कौशल विकास, रोजगार सृजन, स्वावलंबन, सहित शिक्षा, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल आदि क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान करने वाले महानुभाव इस सम्मान के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीएम ने बताया कि इस सम्मान के लिए पात्र को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए, विभिन्न विधाओंध्कार्य क्षेत्रों के ऐसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त महानुभाव, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, दीर्घ साधना के आधार पर श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त की हो, जिन्होंने देश एवं विदेश में उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया हो। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अथवा भारत सरकार से पूर्व में किसी अन्य राष्ट्रीयध्राज्य पुरस्कार अथवा सम्मान प्राप्त व्यक्ति को इस पुरस्कार की पात्रता परिधि में नहीं रखा जा जाएगा।

उप्र गौरव सम्मान के लिए संस्तुतकर्ता द्वारा नामांकित व्यक्ति या कलाकार की विशिष्ट उपलब्धियों का संपूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए निदेशक, संस्कृति निदेशालय को भेजा जाएगा। निदेशक, संस्कृति निदेशालय की ओर से परीक्षण के बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित स्कीनिंग कमेटी की संस्तुति एवं मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद चयनित व्यक्ति को 11 लाख रुपये नकद धनराशि, अंगवस्त्र एवं ताम्रवस्त्रध मोमेंटो भेट स्वरूप प्रदान किया जाएगा। आवेदक इसके लिए निर्धारित प्रारूप पर ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# गणेश चतुर्थीः विघ्नहर्ता गणपति की पूजा–अर्चना शुरू

महराजगंज। जनपद में श्रद्धापूर्वक सिद्धिदाता, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा अर्चना शुरू गई। गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि बेहद महत्वपूर्ण मानी गई है। यह तिथि भगवान गणेश को समर्पित है, इस दिन गणपति बप्पा का जन्म दिवस मनाया जाता है। हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार, भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणपति बप्पा का जन्म हुआ था। श्री श्री गणेश पूजा बालक समिति जिला परिषद मार्केट के सदस्य अरुण, प्रिंस, हरिओम, आर्यन, आकाश, राहुल, सागर, अजय, रियाज, बेलाल आदि ने बताया कि गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। पोस्ट आफिस मोहल्ले में गणेश प्रतिमा पंडाल में स्थापित की गई है। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होने के बाद गणेश उत्सव पूरे 10 दिन तक मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी तिथि पर लोग अपने घरों में शुभ मुहूर्त पर भगवान गणेश की स्थापना करते हैं। 10 दिनों तक विधि विधान से श्रद्धालु विघ्नहर्ता गणेश की पूजा करते हैं और दसवें दिन उनकी प्रतिमा को पवित्र नदी, सरोवर या झील में विसर्जित करते हैं। मां पीतांबरा जनकल्याण ज्योतिष केंद्र के संरक्षक डॉ.ओम प्रकाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि अर्थात 31 अगस्त से प्रारंभ होकर 9 सितंबर 2022 तक धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि घर में भगवान गणेश की मूर्ति को ईशान कोण में स्थापित करना उत्तम होता है। गणेश मूर्ति स्थापना विधि गणेश चतुर्थी के दिन शुभ मुहूर्त में स्नान करने के पश्चात नई चौकी लें और इसे गंगाजल से शुद्ध करें। गणपति पूजा से पहले निकली कलश यात्राः गजरहा में गणपति पूजा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। भक्ति गीतों पर थिरकते युवाओं की टोली डूड़ी नदी पहुंची। यहां से जल भरकर सभी श्रद्धालु मंडप में पहुंचे। इस मौके पर प्रदीप कुमार प्रजापति, कमलेश यादव, लालू चौहान, परशुराम प्रजापति आदि मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने की पूजा–अर्चनाः सिसवा बाजार। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मलवरी कॉन्वेंट स्कूल में भगवान श्री सिद्धि विनायक गणेश की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्हें भजन गायक अमित अंजन के साथ बच्चों ने स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। प्रबंधक शुभ्रा सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# नाली का सफाई नहीं होने से नाली हुआ जाम

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। नौतनवां विकास क्षेत्र का ग्राम सभा विशुनपुरा टोला जेहरी



गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। परिषदीय विद्यालय से पश्चिम जाने वाला रास्ता आरसीसी तो हो गया लेकिन नाली का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को अपने घर का पानी घर से आगे गढ्ढा बनाकर रोका जा रहा है तथा उक्त पानी का निकासी नहीं होने के कारण उसमें कीड़े पनप रहे हैं, तथा जहां नाली का निर्माण है वह देखरेख के अभाव में बदहाल है तथा सफाई नहीं होने के कारण कीचड़ से पटा हुआ है। नाली का निर्माण नहीं होने के कारण गांव के लोगों को हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। परिषदीय विद्यालय से पश्चिम जाने वाले रास्ते पर गंदा पानी हर समय पसरा रहता है। बरसात के मौसम में हल्की बारिश के बाद रोड पर पशुओं का मल–मूत्र बिखरा पड़ा रहता है जिसके चलते लोगों का आना–जाना दुश्वार हो जाता है। जिसके बाद भी लोग गंदगी भरे रोड से आवागमन करने पर विवश हैं। गांव के राधेश्याम यादव, डब्लू यादव, लाले प्रजापति, सुमेर प्रजापति, फूलदेव यादव, मिसलावती, गुड़िया पासवान, चंद्रिका, गृजेश, राममिलन आदि का कहना है की गांव में नाली की समस्या का समाधान करने के लिए आज तक कोई प्रयास नहीं किया गया। कचरा व गंदगी के चलते संक्रामक बीमारी फैलने का भय हमेशा बना रहता है। गांवों के विकास के लिए सरकार पानी की तरह पैसा बहाती है लेकिन उक्त गांव में नाली की समस्या के कारण गंदगी बिखरी पड़ी है लोग यहां आज भी नाली जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए तरस रहे हैं।

## अभी दो वर्ष भी नहीं बीते की नवनिर्मित सड़क गड्ढे में हुइ तब्दील



दैनिक बुद्ध का संदेश

पनियरा/महराजगंज। पनियरा नगर पंचायत में स्थित एक नवनिर्मित बीच सड़क जिसका निर्माण हुए अभी दो वर्ष भी नहीं हुए कि सड़क में जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं व कई जगह सड़क टूटकर धंस गया है। पनियरा नगर पंचायत स्थित धंगरहवा से बड़वार नहर पटरी पर नवनिर्मित पीच सड़क जिसकी लम्बाई लगभग तीन किलोमीटर है जिसका निर्माण हुए अभी दो वर्ष भी नहीं पूरे हुए है कि बुरा हाल है, सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं तथा कई जगह सड़क टूट कर बैठ गई है जिससे नगर वासियों में काफी आक्रोश है। नगरवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू प्रसाद, सत्य प्रकाश सिंह, अरविंद सिंह, राधेश्याम निषाद, उमेश प्रजापति, राकेश कुमार कसौधन, व्यास सिंह ,राजीत सिंह,आदि लोगों ने विभाग से मांग किया है की इस सड़क को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। इस संबंध में विभाग के अवर अभियंता के.के दुबे ने बताया कि यह सड़क 5 वर्ष की गारंटी में है इस सडक पर ओभरलोड ट्रक के चलने से यह सड़क खराब हुआ है जिसे जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

# पीडित बेवा महिला ने थाने पर दिया नामजद तहरीर

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। सिद्धार्थनगर परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बेवा महिला ने मंगलवार की देर रात थाने पहुचकर लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। अपने शिकायती पत्र मे महिला ने लिखा है कि घटना बीते मंगलवार की देर रात लगभग आठ बजे की है। हम प्रार्थनी अपनी बेटी के साथ गांव से कुछ दुरी पर शौच के लिए जा रही थी। तभी पडोसी गांव निवासी एक व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठाकर मेरा हाथ पकडकर खीचकर बिजली ट्रान्सफार्मर के पीछे ले गया और वहां चाकू दिखाकर हमारे साथ अश्लील हरकत करने लगा इस दौरान जब हम प्रार्थनी ने शोर मचाना शुरू किया तो वह चाकू से हम पर जानलेवा प्रहार भी करने लगा इस दौरान मुझे चोटे भी आई है। आरोपी व्यक्ति मेरी साडी खीचकर मुझे अर्धनग्न भी कर दिया। बचाव मे मै और मेरी बेटी जोर जोर से चिल्लाने लगे। शोर सुनकर मौके पर लोगो को आता देख आरोपी व्यक्ति चाकू लहराते हुए कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोनभद्र पहुंचे , विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सोनभद्र दौरा था वे पुलिस लाइन चुर्क में हेलीकॉप्टर से पहुंचे और स्टाफ कार द्वारा सर्किट हाउस सोनभद्र गए जहां वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले और पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार वह सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय तोरण द्वार का लोकार्पण किया और पार्टी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की और बैठक के पश्चात वे गौ आश्रय स्थल रावर्ट्सगंज का निरीक्षण किया और वहां गौ माता की पूजा की और उन्हें अपने हाथों से गुड़ और हरी घास खिलाई और सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तदोपरांत वे संयुक्त जिला चिकित्सालय लोढी का निरीक्षण किया और वहां चिकित्सा अधिकारी के साथ वार्डों का निरीक्षण



किया लोगों का हाल जाना फिर वह कलेक्ट्रेट सोनभद्र पहुंचे जहां उन्होंने उद्यमियों के साथ बैठक की ,जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की फिर उन्होंने प्रेस वार्ता की और प्रेस वार्ता में बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना अमृत सरोवर योजना के साथ ही जितनी भी योजनाएं क्रियान्वित हैं उसके बारे में अधिकारियों से चर्चा की और उसे अविलंब पूर्ण कराने के साथ–साथ लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सभी योजनाओं के बारे में बताया उससे कितना लाभ आम जनमानस को हो रहा है उस पर भी चर्चा की चर्चित योजना हर घर नल योजना पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने बताया कि इस योजना से इस जिले को जहां पीने का पानी उपलब्ध नहीं है जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं उन्हें भी स्वच्छ पानी मिलना शुरू हो जाएगा और यह कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा जहां पर नेटवर्क नहीं है और लोग फोन से बात नहीं कर पाते उस पर भी अधिकारियों से चर्चा की और उसमें सुधार करने के लिए कहा गया जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार पर जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जिले में चाहे किसी विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त हो या खनन विभाग हो किसी भी विभाग में हो उसे पूर्णतया भ्रष्टाचार मुक्त कराया जाएगा और जो भी व्यक्ति इस भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाएगा उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी, लेकिन उप मुख्यमंत्री से जिले के किसानों को आस थी कि शायद वे जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने पर भी कुछ बोलेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद वे ग्राम पंचायत लोढी में प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, आश्रम पद्धति विद्यालय व अमृत सरोवर का निरीक्षण व जल जीवन मिशन के अंतर्गत बेलाही परियोजना का निरीक्षण किया।

# उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का जाना हाल

## जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रदेश के उप मुख्मंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को सोनभद्र जिले के भ्रमण के दौरान जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उप मुख्मंत्री ने जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर, इमरजेन्सी वार्ड, मरहम पट्टी कक्ष, पोस्ट नेटल वार्ड, लेबर रूम व प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मरीजो व मरीजों के तीमारदारों से बात चीत की और बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। उप मुख्मंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार आम नागरिकों के भलाई के प्रति तत्पर है।



उन्होनें ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के लिए केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। उन्होनें अस्पताल परिसर में बेहतर साफ–सफाई और अस्पताल में आने वाले मरीजों का मुकम्मल इलाज किये जाने और सभी को बेहतर स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया। जिला संयुक्त चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान राज्य सभा सांसद रामसकल, राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोंड़, विधायक सदर भूपेश चौबे, विधायक घोरावल डा अनिल कुमार मौर्य, विधायक दुद्धी राम दुलारे गोंड़, उपाध्यक्ष काशी प्रान्त भाजपा रमेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत चौबे, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा आरएस ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डां के कुमार आदि मौजूद रहें।

# रिमझिम बारिश से किसान और आमजनों को मिली राहत

■ सूख रहे फसलों को पानी मिलने से किसानों को पैदावार की हुई आस

■ रिमझिम बारिश से किसान और आमजनों को मिली राहत

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। जहां इंद्रदेव के नाराजगी से किसान परेशान हैं और बारिश आस लगाए हुए बैठे हैं तो वही उन पर दुखों का अंबार देखा जा रहा है और फसलों के सूखने का कारण भी है किसानों का कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था से हमे खेतो में पानी नही मिल पा रहा क्योंकि तमाम जलाशय लगभग सूखे है इस संबंध मे सपा नेता आनंद सिंह अन्नू भैय्या ने समाधन दिवस पर शासन से भगवान पुर बांध से सरयू नहर कैलान से जोड़ कर किसानों को सिचाई हेतु पानी देने कि मांग कररहे हैं और दूसरी वही बारिश ना होने के कारण गर्मी से लोग व्याकुल देखे जा रहे हैं। पशु पक्षी और इंसानों को प्यास से मरने की नौबत आती देखी जा रही है जिसको लेकर नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग ईश्वर की प्रार्थना अर्चना और मन्नते करते नजर आ रहे हैं। जिसको लगता है और बीती रात से बारिश की रिमझिम फुहारों से जहां किसानों को राहत मिली है तो वही आम जनजीवन में भी लोगो को गर्मी से राहत मिली है और बारिश से फसलों की पैदावार की उम्मीद भी अब जगने लगी है। जिसको लेकर किसान काफी आशा के साथ अपने खेतों में जुट गए हैं और खेती में लगे देखे जा सकते हैं तो वहीं बारिश के होने से नगरीय क्षेत्रों में भी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली दिखाई दे रही है और रिमझिम फुहारों का आनंद लेते नजर आ रहे हैं तो वही पशु और पक्षियों को भी तालाबो में जलभराव से राहत मिली देखा जारहा है। जहां इंद्रदेव के नाराजगी से किसान परेशान हैं और बारिश आस लगाए हुए बैठे हैं तो वही उन पर दुखों का अंबार देखा जा रहा है और फसलों के सूखने का कारण भी है किसानों का कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था से हमे खेतो में पानी नही मिल पा रहा क्योंकि तमाम जलाशय लगभग सूखे है इस संबंध मे सपा नेता आनंद सिंह अन्नू भैय्या ने समाधन दिवस पर शासन से भगवान पुर बांध से सरयू नहर कैलान से जोड़ कर किसानों को सिचाई हेतु पानी देने कि मांग कररहे हैं और दूसरी वही बारिश ना होने के कारण गर्मी से लोग व्याकुल देखे जा रहे हैं। पशु पक्षी और इंसानों को प्यास से मरने की नौबत आती देखी जा रही है जिसको लेकर नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग ईश्वर की प्रार्थना अर्चना और मन्नते करते नजर आ रहे हैं। जिसको लगता है और बीती रात से बारिश की रिमझिम फुहारों से जहां किसानों को राहत मिली है तो वही आम जनजीवन में भी लोगो को गर्मी से राहत मिली है और बारिश से फसलों की पैदावार की उम्मीद भी अब जगने लगी है। जिसको लेकर किसान काफी आशा के साथ अपने खेतों में जुट गए हैं और खेती में लगे देखे जा सकते हैं तो वहीं बारिश के होने से नगरीय क्षेत्रों में भी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली दिखाई दे रही है और रिमझिम फुहारों का आनंद लेते नजर आ रहे हैं तो वही पशु और पक्षियों को भी तालाबो में जलभराव से राहत मिली देखा जारहा है।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

## बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत निर्माणाधीन परियोजनाओं का जिलाधिकारी ने कि समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर ।04 आकांक्षात्मक विकास खंडों का चयन किया गया है। के चार आकांक्षात्मक विकास खंड हरैया सतघरवा, तुलसीपुर,गैसड़ी, पचपेड़वा को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, कौशल विकास एवं स्वरोजगार, फाइनेंशियल इंक्लूजन, इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त किए जाने के लिए जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आकांक्षात्मक विकास खंडों में सर्वे कराकर विशेष रुप से फोकस करते हुए मूलभूत सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं से संतृप्त किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में कहा कमी रह गई है इसको तलाश करते हुए उन कमियों को दूर करें।

आकांक्षी विकास खंडों में जनसंख्या के अनुसार इंटर कॉलेज की जरूरत को चिन्हित किए जाने, सभी पंचायत भवन को इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़े जाने, ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान बनाए जाने, स्वरोजगार योजनाओं में लोन प्रदान किए जाने में आकांक्षी विकासखंडों के प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक आकांक्षी विकास खंडों में स्वास्थ्य को और बेहतर किए जाने के लिए नवाचार हेल्थ एटीएम स्थापित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विशेष रुप से फोकस करते हुए आकांक्षात्मक विकास खंडों को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करें। बैठक से नदारद रहने पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता विद्युत, युवा कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग का 1 दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत वित्तीय वर्ष 2019–20 में स्वीकृत 39 से निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि 27 परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं। शेष 12 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यदाई संस्थाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया। सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं पर कार्य की लागत, वित्तीय वर्ष, कार्य पूर्ण होने की तिथि का बोर्ड लगा होना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुशील कुमार, अपर सांख्यिकी अधिकारी रंजीत कुमार, राजेश कुमार पटेल, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारीध कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# व्यापारियों ने उप मुख्यमंत्री को नगर की समस्याओं से कराया अवगत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा की अगुवाई में व्यापारियों का एक



प्रतिनिधिमंडल उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर व्यापारी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया एवं ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि कलवारी–खलियारी राज्य मार्ग भ् 154 को बीच बाजार से ना ले जाया जाए अन्यथा यहां के व्यापारी उजड़ जाएंगे और उनके सम्मुख रोजी–रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। शर्मा ने यह भी कहा कि रावटसगंज नगर पूरा नजूल है इसे फ्रीहोल्ड कराने के लिए कई वर्षों से आवाज उठाई जा रही है परंतु आज तक फ्री होल्ड न हो सका। उन्होंने यह भी बताया कि नगर पालिका से खतौनी रजिस्टर 22 फरवरी 2018 को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया 4 मार्च 2018 को प्राथमिकी दर्ज की गई परंतु 4 वर्ष बीत जाने के उपरांत भी आज तक विवेचना नहीं की जा सकी न ही इस संबंध में नगर के लोगों को कोई जानकारी दी गई। उनकी इस शिकायत पर उप मुख्यमंत्री ने स्पेशल टास्क फोर्स गठित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रितपाल सिंह, शरद जायसवाल, दीप सिंह पटेल, सिद्धार्थ सांवरिया, टीपू अली, प्रतीक केसरी, यशपाल सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# 1 सितंबर से 7 सितंबर तक मनाया जायेगा मातृ वंदना सप्ताह –मुख्य चिकित्सा अधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के



अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे भारत में में 1 सितंबर से 7 सितंबर तक मातृ वंदना सप्ताह की शुरुआत होगी। इस योजना में महिलाओं को पहली बार गर्भवती होने पर पोषण के लिए तीन किस्तों में पांच हजार रुपए की धनराशि दी जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार ने बताया कि शासन ने मातृ वंदना सप्ताह के अंतर्गत पंजीकरण शिविर और बैकलॉग निस्तारण शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। शिविर के जरिए वार्षिक पंजीकरण लक्ष्य के साथ लंबित प्रकरणों का भी निस्तारण किया जाएगा। 1 सितंबर 2022 से 7 सितंबर 2022 तक आयोजित सप्ताह में विशेष रूप से बैकलॉग, लंबित किस्तों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही नए आवेदन फार्म भरे जाएंगे।पीएमएमवीवाई योजना के नोडल अधिकारीध्अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 बी0पी0 सिंह ने बताया कि जनपद में लगातार लाभार्थियों की किस्तों का भुगतान किया जा रहा है।1 सितंबर से शुरू होने वाले अभियान में पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं के ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को कुल पांच हजार रुपए की धनराशि तीन किस्तों में दी जाती है। रजिस्ट्रेशन होते ही गर्भवती के खाते में एक हजार रुपए की किस्त भेज दी जाती है। प्रसव पूर्व होने वाली जांच कराने के बाद दो हजार और प्रसव के साढ़े तीन माह के बाद दो हजार रुपए की तीसरी किस्त दी जाती है। जिला कार्यक्रम सहायक पुनीत मणि त्रिपाठी ने बताया कि मातृ वंदना सप्ताह में पंजीकरण शिविर बैक लॉक निस्तारण कैंप का प्रावधान रखा गया है जिससे कि वार्षिक पंजीकरण लक्ष्य के साथ लंबित प्रकरणों जैसे एम0 ओ0अनुमोदन लंबी द्वितीय किस्त लंबित तृतीय किस्त करेक्शन क्यू 90 दिन से आ क्रियाशील आशा को सक्रिय किया जा सके। सप्ताह के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक के एएनएम आशा संगनी और आशा को पुरस्कृत किया जाएगा। मातृ वंदना योजना प्रथम दिवस में 78 नए लाभाथियो का पंजीकरण किया गया।

# कमर दर्द में राहत दिलाने के साथ ही कई फायदे पहुंचाता हैं त्रिकोणासन, जानें इनके बारे में

अपने यह तो सुना ही होगा कि पहला सुख, निरोगी काया अर्थात जिस व्यक्ति का शरीर बीमारियों से दूर हैं वह हमेशा खुशियों से भरा रहता हैं। इसके लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में अच्छा खानपान रखने के साथ ही व्यायाम को भी शामिल करना चाहिए। खासतौर पर भारत में योग का विशेष महत्व है। योगासन का नियमित अभ्यास शरीर को कई तरीके से लाभ पहुंचाने का काम कर सकता है। आज इस कड़ी में हम बात करने जा रहे हैं त्रिकोणासान की जो कमर दर्द में राहत दिलाने के साथ ही कई फायदे पहुंचाता हैं। हम आपको त्रिकोणासन के फायदे और इसे करने का सही तरीका बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं त्रिकोणासान के बारे में...

क्या है त्रिकोणासन

त्रिकोणासन खड़े होकर करने वाला एक महत्वपूर्ण आसन है। श्त्रिकोणश्च का अर्थ होता है, त्रिभुज और आसन का अर्थ योग है। इसका मतलब यह हुआ कि इस आसन में शरीर त्रिकोण की आकृति का हो जाता है, इसीलिए इसका नाम त्रिकोणासन रखा गया है। त्रिकोणासन योग कमर दर्द को कम करने के लिए एक अतिउत्तम योगाभ्यास है। यह मोटापा घटाने के साथ साथ मधुमेह को काबू करने में बड़ी भूमिका निभाता है।

कैसे करते हैं त्रिकोणासन

सबसे पहले पैरों के बीच करीब 3–4 फीट की दूरी बनाकर सीधे खड़े हो जाएं। अब अपने दाहिने पैर को बाहर की ओर मोड़ें और जैसे ही आप सांस छोड़ते हैं, अपने शरीर को दाईं ओर मोड़ें। आपका बायां हाथ एक साथ ऊपर और दाहिने हाथ से फर्श को छुएं। दोनों हाथ एक सीध में होने चाहिए। इस पोजीशन में 15 सेकेंड तक रहें। श्वास लेते हुए वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं। दूसरी तरफ भी यही दोहराएं। आइये जानते हैं त्रिकोणासन के फायदों के बारे में।



पेट की चर्बी कम करने में सहायक

गलत खानपान और कम शारिरिक गतिविधि के कारण पेट की बढ़ती चर्बी आज की तारीख में सबसे बड़ी समस्या बनकर उभर रही हैं। ऐसे में पेट की चर्बी कम करने के लिए त्रिकोणासन का अभ्यास बेहद फायदेमंद हो सकता हैं। सही खानपान के साथ अगर त्रिकोणासन का नियमित अभ्यास किया जाए तो आप आसानी से पेट की बढ़ती चर्बी पर काबू पा सकते हैं।

कमर दर्द से दिलाए राहत

त्रिकोणासन के नियमित अभ्यास से आप कमर दर्द की परेशानी को दूर कर सकते हैं। इस योग के अभ्यास से शरीर को लचीला बनाया जा सकता है। साथ ही यह योग कमर दर्द से राहत देने में असरदार हो सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ त्रिकोणासन करने से कमर दर्द को कम नहीं किया जा सकता है।

पाचन क्रिया सुधारने में सहायकः पाचन तंत्र के लिए भी त्रिकोणासन के फायदे अच्छे हैं। पाचन तंत्र का खराब रहना, शरीर में कई समश्याओं को बढ़ावा देता हैं। पाचन क्रिया में खराबी के कारण भोजन से प्राप्त पोषक तत्व भी शरीर को सही से प्राप्त नहीं हो पाते हैं और पेट की समश्याएं भी बनी रहती हैं। ऐसे में आप त्रिकोणासन के अभ्यास से पाचन क्रिया को दुरूस्त रख सकते हैं और रोगों से शरीर की रक्षा कर सकते हैं।

तनाव और चिंता करे कम

त्रिकोणासन योग नियमित रूप से करने से आप स्ट्रेस और चिंता विकृति को कम कर सकते हैं। दरअसल, यह योग आपकी नींद में सुधार करके आपके मूड को बेहतर कर सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित होता है। ऐसे में इस योग के नियमित अभ्यास से आप चिंता और तनाव को कम कर सकते हैं।

मेटाबॉलिस्म सुधारने में सहायक

त्रिकोणासन के अभ्यास से मेटाबॉलिस्म भी सही से कार्य करता हैं। मेटाबॉलिस्म के बूस्ट होने से मोटापा कम करने में मदद मिलती हैं और शरीर को रोगों से लडने की शक्ति भी प्राप्त होती हैं। बढ़ती उम्र, गलत खानपान और कम शारीरिक गतिविधि के कारण मेटाबॉलिस्म स्लो पडने लगता हैं, ऐसे में मेटाबॉलिस्म को बूस्ट करने के लिए योग एक अच्छा जरिया हैं।

मांसपेशियों को करे मजबूत

त्रिकोणासन का नियमित अभ्यास करने से आप अपनी मांसपेशियों को मजबूत कर सकते हैं। इस योग से आपकी मांसपेशियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह आसन आपके कूल्हों और जांघ की जकडन को कम कर सकता है। साथ ही इस आसन से आपकी बॉडी पोस्चर सही हो सकती है। त्रिकोणासन आपके ट्रंक और थाई मसल्स के लिए काफी अच्छा फिजिकल थेरेपी हो सकता है।

शरीर की ऊर्जा बढ़ाने में सहायक

योग करने का सबसे बड़ा लाभ यह हैं कि इससे शरीर का आलस और ढीलापन दूर होता हैं और शरीर मे ऊर्जा का विकास होता हैं। त्रिकोणासन भी शरीर मे एनर्जी व स्टैमिना बढ़ाने के लिए काफी उपयोगी हैं, त्रिकोणासन के अभ्यास के बाद आपको इसका अहसास अवश्य देखने को मिलेगा।

फेफड़ों को करे मजबूत

फेफड़ों की मजबूती के लिए त्रिकोणासन लाभकारी होता है। दरअसल, इस योग के अभ्यास में अधिक से अधिक ऑक्सीजन लिया जाता है, जिसमें लंग्स की भी एक्सरसाइज होती है। ऐसे में यह आपके फेफड़ों की मजबूती के बढ़ाता है।

# कठपुतली से ओटीटी पर डेब्यू कर रही हैं सरगुन मेहता



पंजाबी फिल्म उद्योग में खुद को स्थापित कर चुकीं अभिनेत्री सरगुन मेहता अक्षय कुमार, रकुल प्रीत सिंह, चंद्रचूण सिंह के साथ कठपुतली में नजर आएंगी। रंजीत तिवारी के निर्देशन में बनी यह सरगुन की ओटीटी डेब्यू होगी। वह इस बारे में बताती हैं और सात साल के अंतराल के बाद एक हिंदी प्रोजेक्ट कर रही हैं। सरगुन कहती हैं, मैं अपनी ओटीटी पारी शुरू करने और सात साल के लंबे अंतराल के बाद हिंदी में कुछ करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। थ्रिलर के लिए एक बड़ा दर्शक वर्ग है, इसलिए मैं एक अलग और मजबूत किरदार करना चाहती थी। कठपुतली मर्डर मिस्ट्री को क्या खास बनाता है?सरगुन बताती हैं, जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो मैं खुद अनुमान नहीं लगा सकी कि हत्यारा कौन है और मुझे लगता है कि यह एक अच्छा रहस्य कैसे काम करता है। आप अनुमान लगाते रहते हैं और सोचते रहते हैं कि यह फिल्म आपको कहां ले जाएगी और बाद में यह मुझे ले गई। एक पूरी तरह से नई दिशा की ओर जो मुझे लगता है काफी प्रभावशाली थी। अक्षय के साथ काम करने के दौरान उन्होंने जो सीखा, उस पर उन्होंने कहा, उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलना बहुत आश्चर्यजनक था। पहले दिन मैं उनसे मिली थी, मैं बहुत शांत थी इसलिए वह मुझसे कहते थे तू बोलती नहीं है क्या? और मैं सोच रही थी, मैं उन्हें कैसे बताऊं कि मैं इतनी डरी हुई हूं। मुझे कहना होगा कि वह अपने सह–अभिनेताओं को इतना सहज महसूस कराते हैं और उनके साथ काम करना बहुत आसान है। कठपुतली के बाद उनकी पंजाबी फिल्म मोह 16 सितंबर को रिलीज हो रही है।

# दुलकर सलमान-मृणाल ठाकुर की सीता रामम 2 सितंबर को हिंदी में होगी रिलीज



दक्षिण भारतीय सिनेमा में अभिनेता दुलकर सलमान ने बड़ा नाम कमाया है। उनकी तेलुगु फिल्म सीता रामम 5 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इसमें उनके साथ मशहूर अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी नजर आई हैं। अब दुलकर के हिंदी बेल्ट के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। दुलकर की फिल्म सीता रामम 2 सितंबर को हिंदी में रिलीज होगी।

मृणाल ने एक मोशन पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की हिंदी रिलीज के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, सरप्राइज। सीता रामम हिंदी में मंत्रमुग्ध करने के लिए 2 सितंबर को भव्य तरीके से रिलीज हो रही है। मृणाल के फैंस उन्हें इस फिल्म के लिए बधाइयां भी दे रहे हैं। एक यूजर ने अपने कमेंट में लिखा, यह फिल्म हिंदी में भी एक बड़ी हिट साबित होगी।

सीता रामम का निर्देशन हनु राघवपुडी ने किया है। इसे स्वप्ना सिनेमा के बैनर तले बनाया गया है। यह फिल्म पहले से ही तेलुगु, तमिल और मलयालम में ब्लॉकबस्टर साबित हो चुकी है। अब देखना है कि हिंदी दर्शकों को बीच यह फिल्म कैसा प्रदर्शन करती है। पेन स्टूडियोज के डॉक्टर जयंतीलाल गड़ा और स्वप्ना (प्रोड्यूसर) इसे हिंदी में सिनेमाघरों में ला रहे हैं। अब तक इस फिल्म को समीक्षकों से लेकर दर्शकों तक ने सराहा है। सीता रामम प्रेम कहानी पर आधारित एक रोमांटिक फिल्म है। फिल्म 80 और 60 के दशक में हुए युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस फिल्म में दुलकर ने एक सैनिक की भूमिका निभाई है, जबकि मृणाल को उनकी प्रेमिका के किरदार में देखा गया है। पर्दे पर दोनों की जोड़ी को पसंद किया गया। फिल्म में दुलकर और मृणाल ठाकुर के अलावा रश्मिका मंदाना, सुमंत, गौतम वासुदेव मेनन, भूमिका चावला और ध ाारुन भास्कर अमह भूमिकाओं में हैं। मृणाल ने करियर की शुरुआत टीवी से की थी, लेकिन वह बॉलीवुड में भी अपनी जगह बनाने में कामयाब रहीं। मृणाल ने 2018 में फिल्म लव सोनिया से बॉलीवुड में कदम रखा था। वहीं, दुलकर ने फिल्म कारवां से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। हाल के दिनों में जहां एक तरफ बॉलीवुड की अधिकांश फिल्में फ्लॉप रही हैं, तो दूसरी ओर साउथ फिल्मों ने शानदार कलेक्शन किया है। आरआरआर को भी अच्छी कामयाबी मिली। आरआरआर से पहले अल्लू अर्जुन की पुष्पा ने बॉक्स ऑफिस पर बाजी मारी थी। फिल्म के डायलॉग आज भी दर्शकों की जुबां पर हैं। आरआरआर के बाद रिलीज हुई केजीएफ 2 ने भी अपना जलवा दिखाया। हालिया रिलीज हुई कमल हासन की विक्रम को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

# इस साल को जीवन बदलने वाला बनाने के लिए बप्पा को धन्यवादः कार्तिक आर्यन

कोविड महामारी के दो साल के ब्रेक के बाद मुंबई में गणेश महोत्सव पूरे उत्साह के साथ शुरू हुआ है। इस दौरान अभिनेता



कार्तिक आर्यन आशीर्वाद लेने के लिए लालबाग का राजा के दर्शन के लिए गए। अपने सोशल मीडिया पर उन्होंने बप्पा के अपने दर्शन से तस्वीरें भी साझा कीं, जिसमें उन्होंने लिखा था, गणपति बप्पा मोरया ! लालबागचाराजा के पहले दर्शन पाने से मैं धन्य हूं। इसे बनाने के लिए धन्यवाद बप्पा। जीवन बदलने वाला वर्ष। आशा करता हूं कि आप आतें रहेंगे और मेरी सारी मन्नतें ऐसे ही पूरी करते रहें। कार्तिक के लिए एक असाधारण वर्ष था क्योंकि उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 बॉक्स–आफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास शहजादा, फ्रेडी, कैप्टन इंडिया, सत्यप्रेम की कथा और कबीर खान की अगली फिल्म सहित कई रोमांचक फिल्में हैं।

# रोज करना चाहिए ऑयल पुलिंग, मसूड़ों की सूजन से लेकर सांस की बदबू तक होगी दूर

पुराने समय से ही भारत में कई ऐसी तकनीकें इस्तेमाल होती आई हैं जो सेहत को फायदा पहुंचाने का काम करती हैं। इसी लिस्ट में शामिल है ऑयल पुलिंग। यह एक प्राकृतिक और हर्बल तरीका है और आयुर्वेद में भी इसका बहुत महत्व माना गया हैं। जी दरअसल ऑयल पुलिंग अर्थात तेल से कुल्ला करने की विधि हैं जो सेहत को कई तरह के फायदे पहुंचाने का काम करता हैं। जी दरअसल कई बड़े सेलेब्रिटी हैं जो अपनी सेहत और सुंदरता के लिए इसी तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। अब आज हम आपको ऑयल पुलिंग करने के तरीके और इससे मिलने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

क्या है ऑयल पुलिंग?– ऑयल पुलिंग का मतलब होता है तेल से कुल्ला करना। जी हाँ और इससे आयुर्वेद में कवाला या गंदुशा के नाम से जाना जाता है। गंडुशा में अपने मुंह को पूरी तरह से तेल से भरना पड़ता है और थोड़े समय बाद इसे बाहर थूकना पड़ता है। जी दरअसल इसमें और कवलग्रह में बस इतना अंतर है कि कवलग्रह में मुंह को पूरी तरह तेल से भरा नहीं जाता है। यहाँ मुँह से तेल को थूकने से पहले मुँह में हिलने की जगह होती है। नियमित रूप से ऑयल पुलिंग करने से स्वास्थ्य को कई लाभ होते हैं। ऑयल पुलिंग के लिए जैतून या नारियल दोनों तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। ऑयल पुलिंग करने का तरीका– ऑयल पुलिंग करने के लिए आप नारियल के तेल, तिल के तेल, सूरजमुखी के तेल या जैतून के तेल में से किसी एक तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी दरअसल हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार ऑयल पुलिंग करने का सबसे अच्छा समय सुबह खाली पेट है। इसके लिए एक बड़े चम्मच तेल को अपने मुंह में डालकर इसे 15 से 20 मिनट के लिए मुंह के अंदर चारों तरफ घुमाएं और कुल्ला करें। हालाँकि ध्यान रखें कि इस दौरान आपको तेल को बिल्कुल भी निगलना नहीं है। वहीं इसके बाद तेल को थूक कर सादे पानी या गर्म पानी से अच्छी तरह से कुल्ला कर लें। इसके बाद आप ब्रश कर लें।



कैविटी से बचाव– मुंह के हानिकारक बैक्टीरिया दांतों में प्लाक का कारण बनते हैं, जिससे कैविटी यानी दातों में खोखलेपन की समस्या हो जाती है। ऑयल पुलिंग के लिए तिल, नारियल और सूरजमुखी के तेल का इस्तेमाल किया जाता है। जी दरअसल इन तेलों में एंटीबैक्टीरियल गुण होता है, जो दांतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया से लड़ते हैं। इसका इस्तेमाल करने से कैविटी की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

ऊर्जा में बढ़ोतरी– आयल पुलिंग का सबसे बड़ा लाभ है कि यह आपके शरीर की एनर्जी को बढ़ाता है।

मसूड़ों की सूजन दूर– तिल के तेल, सूरजमुखी के तेल और नारियल के तेल से होने वाले ऑयल पुलिंग के फायदे में मसूड़ों की सूजन को दूर करना भी शामिल है।

रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि– आयल पुलिंग से शरीर से परजीवी और विषाक्त पदार्थ साफ हो जाते हैं। इसके अलावा यह खून को शुद्ध करता है।

सांस की बदबू दूर– आयल पुलिंग सांस की बदबू से छुटकारा मिल सकता है।

सिरदर्द दूर करने के लिए– ऑयल पुलिंग प्रक्रिया मुंह को साफ करने के साथ–साथ माइग्रेन और सिरदर्द से छुटकारा दिलाने में भी असरदार है।

स्किन के लिए फायदेमंद– ऑयल पुलिंग का रोजाना इस्तेमाल करने से हमारा खून ध ाीरे–धीरे साफ नहीं लगता है।

